सुप्रभात


धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस आज

रांची, मंगलवार 15.11.2022 * नगर संस्करण । पेज : 12 मार्गशीर्ष , कृष्ण पक्ष, सप्तमी, संवत 2079 , मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 122 epaper.khabarmantra.net



सुप्रभात
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



रांची, मंगलवार 15.11.2022 | नगर संस्करण | पेज : 12 | मार्गशीर्ष , कृष्ण पक्ष, सप्तमी, संवत 2079 , मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 10 | अंक : 122 epaper.khabarmantra.net




# पहली बार किसी राष्ट्रपति का उलिहातू दौरा

## द्रौपदी मुर्मू आधा घंटा रुकेंगी भगवान बिरसा की जन्मस्थली में, परिजनों से मिलेंगी, धरतीआबा को नमन करेंगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 15 नवंबर को एक दिवसीय दौरे पर झारखंड आयेंगी। वे सुबह 8.30 बजे सेना के विशेष विमान से रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगी। फिर सेना के एमआइ 17 हेलीकॉप्टर से राष्ट्रपति खूंटी के उलिहातू गांव जायेंगी। उलिहातू में हेलीपेड पर सुबह 9.50 बजे उतरेंगी। उलिहातू के बिरसा कॉम्प्लेक्स में बने भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा में माल्यार्पण करेंगी। राष्ट्रपति की यात्रा को ले कर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। बिरसा मुंडा आवास को रंग रोगन करके तैयार कर लिया गया है और गेंदा फूल और रजनीगंधा से सजा दिया गया है।

आजादी के बाद द्रौपदी मुर्मू पहली राष्ट्रपति, हैं, जो धरती आबा की जन्मस्थली उलिहातू पहुंच रहीं है। मंगलवार को बिरसा जयंती व जनजाति गौरव दिवस के उपलक्ष्य में धरती आबा को श्रद्धांजलि देने द्रौपदी मुर्मू वहां पहुंचेंगी। इस दौरान राष्ट्रपति भगवान बिरसा के बंशजों से कुशल क्षेम पहुंचेगी और उनके जीवन को बेहतर बनाने संबंधी योजनाओं का लाभ देंगी। उलिहातू में राज्य का पहला इको फ्रेंडली हेलीपैड बनाया गया है। मालूम हो कि कि राष्ट्रपति बनने के बाद द्रौपदी मुर्मू का यह पहला झारखंड दौरा है।

**आवास में पूजा-अर्चना भी करेंगी राष्ट्रपति :** खूंटी के उपायुक्त शशि रंजन ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सबसे पहले बिरसा मुंडा के आवास में पूजा अर्चना और माल्यार्पण करके उनके वंशजों से मिलेंगी। उसके बाद भगवान बिरसा मुंडा की दत्तक पुत्री से कुछ देर मुलाकात भी करेंगी। राष्ट्रपति को बिरसा मुंडा आवास में खूंटी का विशेष उत्पादित फल ड्रेगन फ्रूट्स भेंट किया जायेगा। राष्ट्रपति के साथ जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री सह खूंटी सांसद अर्जुन मुंडा और राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह भी रहेंगे। आधे घंटे तक राष्ट्रपति उनके परिजनों से मिलकर बातचीत करेंगी और फिर 10.20 बजे रांची एयरपोर्ट को निकल जायेंगी।

### राष्ट्रपति से एयरपोर्ट पर मिलेंगे मुख्यमंत्री

रांची के डीसी राहुल सिन्हा ने बताया कि बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर मंगलवार की सुबह 8.50 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुलाकात करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री खूंटी के उलिहातू के लिए हेलिकॉप्टर से प्रस्थान करेंगे।

# रघुवर कैबिनेट के पांच मंत्रियों के खिलाफ होगी एसीबी जांच

### सीएम ने नीलकंठ सिंह मुंडा, अमर बाउरी, डॉ लुईस मरांडी, रणधीर सिंह व डॉ नीरा यादव के खिलाफ पीइ दर्ज करने की दी अनुमति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रघुवर कैबिनेट के पांच मंत्रियों के खिलाफ एसीबी जांच की अनुमति दे दी है। ये पांच पूर्व मंत्री हैं नीलकंठ सिंह मुंडा, अमर कुमार बाउरी, लुईस मरांडी, रणधीर सिंह और नीरा यादव।

**एसीबी ने की है आरोप की पुष्टि :** सीएम ने पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी, रणधीर कुमार सिंह, डॉ नीरा यादव, लुईस मरांडी और नीलकंठ सिंह मुंडा के विरुद्ध प्रत्यानुपातिक धनार्जन की अग्रेतर जांच के लिए पीइ दर्ज करने के लिए मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग को निर्देश दिया है। मालूम हो कि 316/2020 पंकज कुमार यादव बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य के संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग द्वारा पूर्व सरकार के मंत्रियों के विरुद्ध आईआर दर्ज कर गोपनीय सत्यापन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का अनुरोध भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, रांची से किया गया। (शेष पेज 11 पर)

### इन अफसरों के खिलाफ भी होगी एसीबी जांच

वहीं, भूमि का अवैध एलपीसी निर्गत कर निबंधन करने में संलिप्त देवघर के तत्कालीन अंचल अधिकारी अमर प्रसाद, तत्कालीन अंचल अधिकारी जयवर्द्धन कुमार, तत्कालीन अवर जिला निबंधक राहुल चौबे के खिलाफ भी पीइ दर्ज करते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से जांच कराने का निर्देश दिया है। मालूम हो कि उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, देवघर द्वारा इन पदाधिकारियों के विरुद्ध मौजा श्यामगंज, थाना नंबर 413, प्लॉट नंबर 240, कुल रकबा 114 .78 डि भूमि का अवैध एलपीसी निर्गत कर भू.माफियाओं के साथ मिलीभगत कर अवैध रूप से भूमि की खरीद बिक्री से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई थी। इससे संबंधित उपायुक्त देवघर द्वारा पर्याप्त साक्ष्य भी समर्पित किया गया है।

## झारखंड स्थापना दिवस समारोह आज, सीएम ने लिया तैयारियों का जायजा

# मुख्यमंत्री देंगे कई सौगात राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य स्थापना दिवस समारोह पर मोरहाबादी मैदान में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेश वैस होंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पहले मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना था, पर उनका कार्यक्रम रद्द होने के बाद सीएम सचिवालय की ओर से जानकारी दी गयी कि अब राज्यपाल समारोह के मुख्य अतिथि होंगें। राज्य स्थापना दिवस और भगवान बिरसा मुंडा जयंती के मौके पर मुख्यमंत्री कई योजनाओं की सौगात देंगे।

समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। सीएम ने सोमवार को समारोह की तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिये। समारोह के एक दिन पूर्व सीएम ने तैयारियों का जायजा लेने मोरहाबादी मैदान पहुंचे। उन्होंने बिंदुवार जानकारी पदाधिकारियों से ली और कहा कि समारोह में कोई खामी नही रहे, इसका पुख्ता इंतजाम सुनिश्चत करें। किसी को कोई परेशानी नहीं हो। मुख्य समारोह में सम्मिलित होनेवाले अतिथियों एवं आमजनों के लिए बैठने की मुकम्मल व्यवस्था रहे।

आगंतुकों के बैठने के लिए लगायी गयी कुर्सियों के बायीं तथा दायीं दोनों ओर एलईडी स्क्रीन्स लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि मुख्य मंच के बैकग्राउंड में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद तस्वीर लगायें। विधि व्यवस्था का संधारण चुस्त-दुरुस्त रहे। (शेष पेज 11 पर)



### हेलीकॉप्टर से सीएम जायेंगे उलिहातू

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 8.20 बजे सीएम आवास से बिरसा एयरपोर्ट को निकलेंगे। वह, बिरसा चौक होते हुए 8.30 बजे एयरपोर्ट पहुंचेंगे और एयरपोर्ट से 9.10 बजे हेलिकॉप्टर से उलिहातू को प्रस्थान करेंगे। खूंटी के कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद उलिहातू स्थित अस्थायी हेलिपैड से 10.40 बजे रांची के लिए प्रस्थान करेंगे और 11 बजे बिरसा मुंडा हवाई अड्डा आयेंगे। वहां से सीएम आवास और 12.20 बजे मोरहाबादी में आयोजित राजकीय समारोह में हिस्सा लेंगे।

### कोकर समाधिस्थल पर पुष्पांजलि

सीएम सचिवलाय के अनुसार धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती दिवस के मौके पर सीएम हेमन्त सोरेन पूर्वाह्न 7 :45 बजे कोकर स्थित भगवान बिरसा मुंडा के समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। 8 :10 बजे बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। फिर पूर्वाह्न 9 :50 बजे उलिहातू स्थित कार्यक्रम स्थल, खूंटी में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। अपराह्न 12 :20 बजे मुख्यमंत्री मोरहाबादी मैदान आयोजित झारखंड राज्य स्थापना दिवस के मुख्य समारोह में और शाम 5 बजे स्थापना दिवस समारोह के मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

# जबरन धर्मांतरण गंभीर मुद्दा : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली।** जबरन धर्मांतरण के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तल्ख टिप्पणी की। जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस हिमा कोहली की पीठ ने कहा कि जबरन धर्मांतरण का मुद्दा बेहद गंभीर है। जबरन धर्मांतरण राष्ट्र की सुरक्षा और धर्म की स्वतंत्रता को प्रभावित करता है। इससे पहले, अदालत ने 24 सितंबर को सुनवाई दौरान जबरन धर्मांतरण के मुद्दे पर केंद्र सरकार और गृह मंत्रालय से जवाब मांगा था। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा नेता और वरिष्ठ वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर सुनवाई करते हुए उक्त टिप्पणी की। (अंदर भी देखें)

# काशी विश्वनाथ धाम में घुसे झारखंड के 3 संदिग्ध धराये

**एजेंसी**

**लखनऊ।** श्रीकाशी विश्वनाथ धाम गेट नंबर चार से रविवार की शाम आरती के समय तीन संदिग्ध परिसर में प्रवेश कर गये। इसमें दो युवक गैर हिंदू हैं। सुरक्षा ड्यूटी में लगे सीआरपीएफ दारोगा ने तीनों को पूर्वी द्वार से पकड़ा। पूछताछ में तीनों ने खुद के झारखंड का निवासी बताया। पूछताछ में दो लोगों के गैर हिंदू होने की बात सामने आयी है। इनके प्रवेश पर सुरक्षा तंत्रों में हलचल मच गयी। फिलहाल, संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। इस मामले को ले कर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गयी हैं। दूसरे समुदाय के दोनों लोगों ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त के साथ आये हैं। उन्हें मंदिर में गैर हिंदू के प्रवेश को लेकर जानकारी नहीं थी। उनको अजमेर जाना था। हिंदू दोस्त ने मंदिर में दर्शन करने की इच्छा जतायी थी, इसलिए सभी चले आये। पुलिस के अनुसार तीनों झारखंड के गिरीडीह निवासी हैं। इन्होंने अपने नाम मुक्तेश्वर सिंह, निसार अहमद और मुख्तार अंसारी बताये हैं।

### सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट, पूछताछ जारी

एसीपी ने बताया कि पकड़े गये संदिग्ध लोगों से किसी तरह का कोई प्रतिबंधित सामान या अन्य आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। अलग-अलग पूछताछ कर सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह संतुष्ट होने के बाद ही इन्हें छोड़ने के बारे में निर्णय करेंगी।

# आयोग का मंतव्य सार्वजनिक करने को ले सीएम गये कोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मामले में भारत चुनाव आयोग (इसीआइ) के मंतव्य की जानकारी अब तक सार्वजनिक नहीं हुई है, जिसे लेकर अब सीएम हेमंत ने हाईकोर्ट की शरण ली है। झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने यह जानकारी दी। अधिवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की गयी है। याचिका में राज्यपाल की कार्रवाई पर रोक लगाने और अवैध खनन से जुड़े भारत चुनाव आयोग के पत्र के आधार पर कार्रवाई पर भी रोक लगाये जाने का आग्रह किया गया है। वहीं दूसरा मंतव्य लेने की प्रक्रिया को असंवैधानिक बताया गया है। इसके साथ ही मंतव्य मिलने पर प्रतिलिपि दिये जाने की मांग की गयी है। याचिका में कहा गया है कि दूसरे मंतव्य पर भारत चुनाव आयोग की मनाही और राज्यपाल की हामी से राजनीतिक अस्थिरता का माहौल उत्पन्न हो रहा है। उन्होंने हाईकोर्ट से आग्रह किया है कि लीज आवंटन मामले में चुनाव आयोग के मंतव्य पर राज्यपाल की किसी कार्रवाई पर रोक लगायी जाये। कोर्ट से यह भी कहा गया है कि राज्यपाल ने चुनाव आयोग से जो सेकंड ओपिनियन मांगा है वह असंवैधानिक है। (शेष पेज 11 पर)

### रिट याचिका दाखिल, राज्यपाल की कार्रवाई पर भी रोक की मांग



## स्पीड न्यूज

### सत्यम पब्लिक स्कूल में मना बाल दिवस



**हरिहरगंज पलामू।** समीपवर्ती संडा गोलक्ष्मी स्थित सत्यम पब्लिक स्कूल में सोमवार को देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन पर केक काटकर बाल दिवस मनाया गया। इस दौरान प्राचार्य नीतू मेहता ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे बच्चों से बहुत स्नेह रखते थे। इस कारण उन्हें चाचा नेहरू भी कहते हैं। मौके पर संजय अश्विनी, मनीष मौर्य, अभिषेक कुमार, शंकर कुमार, किरण कुमारी, माधुरी कुमारी, अंजू अग्रवाल, पल्लवी प्रियदर्शनी, रितिका सिन्हा ने भी अपने विचार रखे।

### संत पॉल कान्वेंट स्कूल में हुई प्रतियोगिता



**बिश्रामपुर (पलामू)।** मॉडर्न संत पॉल कान्वेंट स्कूल में बाल दिवस पर कई प्रतियोगिताएं हुईं। कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल के निदेशक राहुल जैकब ने किया। इसके अलावा पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम का आकर्षण रंगोली प्रतियोगिता रही। विजयी प्रतिभागियों को निदेशक ने पुरस्कृत किया। बच्चों के बीच स्कूल प्रबंधन ने टॉफी व मिठाई बांटा। मौके पर प्राचार्य क्षितिज प्रभाकर, प्रतिभा कुमारी, पिंकी कुमारी, अनु कुमारी, राइसा खातून, स्वेता कुमारी, नीतू सिंह, पिंकी सिंह मौजूद थे।

### लोइंगा पंचायत पहुंची सरकार आपके द्वार



**पाटन पलामू।** लोईगा पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगा। जिसका उद्घाटन पाटन बीडीओ मनोज तिवारी, पाटन प्रमुख शोभा देवी, पाटन जिला परिषद सदस्य रीता देवी, नन्द यादव, उप प्रमुख अमरेश वर्मा एवं लोईगा मुखिया रंजीत यादव उर्फ गुड्डू यादव ने किया। शिविर में सभी विभाग का स्टॉल लगाकर योजनाओं का लाभ दिया गया। शिविर में बीपीओ रणधीर जायसवाल, मनरेगा के सहायक आपरेटर धीरज कुमार, सीओ लाल बाबू, पंचायत सचिव अभिषेक कुमार, आपूर्ति आपरेटर अंकित कुमार, राजस्व आपरेटर राजेंद्र कुमार, रंजन कुमार समेत सभी विभागों के अधिकारी, पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### बच्चों के बीच कलम कॉपी का वितरण



**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर पुलिस ने बाल दिवस पर छिपादोहर राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के बच्चों के बीच कॉपी व कलम बांटा। वितरण बिश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, नावाडीह कला ओपी प्रभारी अजय केरकेट्टा व प्राचार्य राजकुमार राम ने किया। थाना प्रभारी शशि रंजन ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू को बच्चों से बहुत लगाव था। इसीलिए उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। राजन पांडेय ने बिश्रामपुर पुलिस की तारीफ करते हुए कहा कि थाना प्रभारी शशि रंजन पुलिसिंग के साथ सामाजिक सरोकार के कामों को भी काफी रुचि रखते हैं। मौके पर शिक्षक हरिचंद्र जयसवाल, अजय दुबे, नीरज मिश्रा, रविंद्र चौधरी, हरिओम कुमार शुक्ला सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### ऑनलाइन रात्रि क्लास में विद्यार्थी शामिल

**सतबरवा पलामू।** राजकीयकृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय सतबरवा पलामू के विज्ञान शिक्षक अभिषेक तिवारी द्वारा प्रत्येक शनिवार को ऑनलाइन रात्रि क्लास चलाया जा रहा है। शो डीएन फिजिक्स में विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। उनके इस छोटे खूबसूरत प्रयास के कारण रात्रि के समय सभी विद्यार्थी एकाग्र चित्त होकर ऑनलाइन क्लास में बढ़-चढ़कर रुचि दिखा रहे हैं जिसके कारण अपेक्षाकृत सीखने समझने स्मरण तथा तर्क करने की विशेष क्षमता जानने की जिज्ञासा मौलिकता तथा दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ-साथ कल्पना शक्ति और अंतर्दृष्टि के कारण तीव्र और स्पष्ट अधिगम सुनिश्चित हो पा रहा है।

### लोइंगा विद्यालय में बच्चों को कराया भोजन



**पाटन पलामू।** बाल दिवस पर लोईंगा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बच्चों के बीच मिठाई बांटी गई तथा बच्चों को भोजन करायी गयी। लोईगा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्राचार्य अभय कुमार गिरि ने बताया कि बाल दिवस पर खेलकूद से बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। साथ ही बच्चों को महापुरूष की जीवनी से सीख लेने को प्रेरित किया गया। मौके पर शिक्षक प्रमोद मिश्रा, सुरेश कुमार चौधरी, पिंकी सिन्हा, आरती सिन्हा, विरेंद्र कुमार, अनीता कुमारी मौजूद थी।

### शैक्षणिक संस्थानों में हुए कई कार्यक्रम



**बिश्रामपुर (पलामू)।** रेहला के ज्ञानदीप कॉन्वेंट स्कूल में बाल दिवस पर कार्यक्रम हुआ। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष जैस रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक, वरीय उपाध्यक्ष संतोष चौबे, स्कूल के संस्थापक अवध बिहारी पांडेय व सेवानिवृत्त शिक्षक विश्व नाथ प्रताप सिंह ने पंडित नेहरू के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्जवलित कर किया। वहीं स्कूली बच्चों ने स्वागत गान गाकर अतिथियों का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने मैट्रिक में टॉपर विद्यार्थियों को ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर प्राचार्य सुनीता देवी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला उर्फ गुड्डू शुक्ला, शशि नाथ चौबे, डॉ विश्वजीत सिंह, स्कूल के शिक्षक आशीष चौबे, बिरेंद्र कुमार, निधि चौबे, मांशी शुक्ला, रिया शुक्ला, करुणा शर्मा, सोफिया हयाक, हिमांशु कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे। इधर, भंडार के माउंट टेरा पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# चेंबर की एक्सक्यूटिव बैठक में 50 नये युवा उद्यमियों को मिली सदस्यता

>> महापौर किसी के दबाव में आने वाली नहीं : चेंबर

खबर मन्त्र संवाददाता



चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर की अध्यक्षता में संपन्न हुई एक्सक्यूटिव बैठक में उद्यमियों को सदस्यता देने पर मंथन करते सदस्य।

**मेदिनीनगर।** पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की एक्सक्यूटिव बैठक चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर के अध्यक्षता में की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी व्यवसायियों को खासमहाल नवीनीकरण का दर दोगुना हो जाने के कारण नवीनीकरण कराना असंभव हो गया है।

इसे लेकर सांसद बीडी राम, विधायक आलोक चौरसिया, महापौर अरुणा शंकर के साथ बैठक रखा जायेगा फिर सबों के सहमति से उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की जाये।

सभी सदस्यों ने महापौर अरुणा शंकर की तारीफ करते हुए कहा कि महापौर ने प्रशासनिक दबाव के बाद भी जनहित में नवीनीकरण हेतु दर बढ़ोतरी के दस्तावेज में हस्ताक्षर नहीं कर साबित कर दिया है कि महापौर किसी के दबाव में आने वाली नहीं है। बैठक में 142 लोगो का सदस्यता हेतु आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें 50 लोगों को सदस्यता दी गई तथा बाकी लोगों की सदस्यता अगली बैठक में देने की सहमति बनी। आज जिन लोगों को सदस्यता दी गयी, उसमें मुख्य हैं नवीन पांडे, सुमित पाठक, शैलेश मिश्रा, संजीव कुमार मिश्रा, जितेंद्र पासवान, नागेंद्र शुक्ला, पंकज पांडेय, अभिनव कुमार, सुधीर कुमार तिवारी, ऋषिकेश दुबे, अमित श्रीवास्तव, अनंतु भगत, संजय कुमार, अमित सुरेखा, रामनाथ शाह, नीरज श्रीवास्तव, राहुल मिश्रा, जितेंद्र कुमार, विपुल भूषण, पंकज सिंह, जवाहर प्रसाद अग्रवाल, बृजेश पांडे, संजय कुमार अग्रवाल, पवन सिंह, राजेश कुमार राय, शिवम कुमार, नितेश अग्रवाल, अभय कुमार, प्रिंस कुमार, महेंद्र कुमार अग्रवाल, रविंद्र कुमार अग्रवाल, विजय अग्रवाल किराना, किशन अग्रवाल एवं अन्य लोगों का नाम शामिल है। बैठक का संचालन कृष्णा अग्रवाल ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन रंजीत मिश्रा ने की।

## युवाओं ने इतिहास रच दिया : आनंद शंकर



**मेदिनीनगर।** पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स इन इंडस्ट्रीज ने देव दीपावली कार्यक्रम के लिए महा गंगा आरती समिति के सदस्य विक्रांत सिंघानिया, विनय ओझा, राकेश कुमार, शुभम प्रसाद, रितेश कुमार, समर कुमार, गौरव, राहुल चंद्रा, रितेश कुमार, रोशन तिवारी, आर्यन एवं कई सदस्यों को सम्मानित किया। मौके पर चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि देव दीपावली कर यहां के युवाओं ने इतिहास रच दिया और मेदिनीनगर को गौरवान्वित होने का मौका दिया। कहा कि पूरा चेंबर परिवार इसके लिए चेंबर एक्सक्यूटिव सदस्य विक्रम सिंघानिया एवं साथी बधाई के पात्र हैं।

# मोहम्मदगंज के कादलकुर्मी और हैदरनगर के कुकही पहुंचे उपायुक्त

■ आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता



**कार्यक्रम में इन विभागों के लगे थे स्टॉल :** कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग, शिक्षा विभाग,स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, पंचायती राज, बाल विकास परियोजना, आपूर्ति विभाग,प्रज्ञा केंद्र, आधार केंद्र, कृषि विभाग, मनरेगा, जेएसएलपीएस, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राजस्व विभाग, कल्याण विभाग सामाजिक सुरक्षा (पेंशन) सहित अन्य विभागों के स्टाल लगाये गये थे।

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे मोहम्मदगंज के कदलकुर्मी व हैदरनगर के कुकही पंचायत पहुंचे। उन्होंने कादलकुर्मी के स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कहा कि आपके गांव आया हूं। आने का उद्देश्य है कि आपको घर में ही सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके।

आपके सभी कार्यों का निष्पादन ऑन स्पॉट समय रहते किया जायेगा। बस इतना निवेदन है कि सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित स्टॉल पर जमा करें। द्वितीय चरण का अंतिम शिविर है इसके साथ ही कार्यक्रम आज समाप्त हो जायेगा। सभी पंचायतों में शिविर लगाकर लोग लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने सभी को इस कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिये साधुवाद ज्ञापित किया।

**विभिन्न लाभुकों के बीच बांटी गयी परिसंपत्ति :** दोनों ही शिविरों में अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित किया गया मोहम्मदगंज में जहां पेंशन के आवेदन 31 आवेदन आये जिसमें 7 आवेदन स्वीकृत किए गये वहीं हैदरनगर के कुकहीमें पेंशन के 23 आवेदनों को स्वीकृत किया गया। इसी तरह उपायुक्त ने मोहम्मदगंज में 50 से अधिक लाभुकों के बीच कंबल, सावित्रीबाई फुले योजना के तहत 9 बच्चियों को आच्छादित किया गया। 7 लोगों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया गया। 15 वें वित्त आयोग के तहत दो नयी योजनाओं का शिलान्यास किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 5 लाभुकों के बीच घर का सांकेतिक चाबी देकर गृह प्रवेश कराया गया। जेएसएलपीएस के तहत 17 दीदियों के बीच 8. 50 लाख का सीआईएफ ऋण दिया गया।

पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने किया रामगढ़ में बीस सूत्री कार्यालय का उद्घाटन

# अब ग्रामीणों की सभी समस्याओं का होगा शीघ्र समाधान : त्रिपाठी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़ पलामू।** रामगढ़ प्रखंड में 20 सूत्री कार्यालय खोला गया। कार्यालय का उद्घाटन पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने फीता काटकर किया। मौके पर रामगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी पार्थ नंदन एवं सभी ब्लॉक के कर्मी शामिल थे। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि सरकार ग्रामीणों के समस्या समाधान को लेकर कई कार्यक्रम चला रही है।

उन्होंने कहा कि पूर्व की तरह अब ग्रामीणों को सरकारी कार्यालय का चक्कर नहीं काटना पड़ेगा। बीस सूत्री कार्यालय खुलने से ग्रामीणों के समस्या का समाधान शीघ्र होगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण बीस सूत्री कार्यालय में आकर अपनी समस्या को बेझिझक रखें। रामगढ़ बीडीओ पार्थ नंदन ने कहा कि बीस सूत्री कार्यालय से ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। ग्रामीण अपनी समस्या को लेकर आयें और बतायें।

जनसमस्या का समाधार करना मेरी प्राथमिकता है। बीस सूत्री अध्यक्ष कलीम अंसारी ने कहा कि यहां ग्रामीणों को सरकार के योजनाओं की जानकारी व उनकी परेशानी को दूर किया जायेगा। कार्यक्रम में 20 सूत्री अध्यक्ष कलीम अंसारी, उपाध्यक्ष उदय कुमार यादव, सदस्य दीप नारायण प्रसाद, मोतीलाल मुंडा, विनय कुमार पासवान, उदय भुइयां, शाहिद अंसारी, दिनेश कुमार सिंह, माया देवी व सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### शिविर में हुआ ग्रामीणों की समस्या का समाधान



**पाटन पलामू।** प्रखंड के सुंठा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगाया गया। जिसका उद्घाटन बीडीओ मनोज तिवारी, प्रमुख शोभा देवी, जिप सदस्य रीता देवी, नंद यादव, उप प्रमुख अमरेश वर्मा तथा सुंठा मुखिया रवीना बीबी ने किया। शिविर के कई विभागों के स्टॉल लगाकर कर्मियों ने ग्रामीणों के आवेदन लिये। कुछ का समाधान ऑन द स्पॉट हुआ। वहीं धोती-साड़ी बांटी गयी। शिविर में टीकाकरण, सावित्री बाई समृद्धि योजना, आधार कार्ड का लाभ लोगों को मिला। शिविर में ईकवाल अंसारी, पंचायत सचिव अमीद रहमान अंसारी, बीपीआरओ कामेश्वर मेहता, सीआई उमेश्वर यादव, उप मुखिया रौशन प्रवीण व कई ग्रामीण शामिल थे।

### हॉलीक्रॉस स्कूल में बाल दिवस पर कई कार्यक्रम



**मेदिनीनगर।** हॉली क्रॉस स्कूल में बाल दिवस पर कई कार्यक्रम हुए। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। बच्चों के बीच क्रिकेट मैच, 100 मीटर रेस, कबड्डी, बैडमिंटन, टॉफी रेस, थ्री लेग रेस प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन पत्रकार संजीव नयन व प्राचार्य चंद्रभूषण सिन्हा ने किया। जहां अतिथियों ने बच्चों को पुरस्कार, मेडल व लेखन-पाठन सामग्री दी। मौके पर इंशा, सफक, सुमन, तनु, रानी, पायल, साजिया, मनोज आदि शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। प्रतियोगिता में मायंक, निशांत, दुर्गा, शिया, हरिओम, फलक राज, कंचन कुमारी, प्रवंश, शिवम पाल, दिव्यांशु, रवि, एमडी कौर, साजिया, सदिका, खुशी, नीतीश, परी, प्रणव, रंजीत, सुमन, नाजिया, अरीबा, चांदनी, कुसुम, श्वेता, ओम गुप्ता व कई विद्यार्थी अव्वल रहे।

### छतरपुर : दुगोला महामुकाबला में जुटी भारी भीड़



**छतरपुर, पलामू।** जिले के छत्तरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के हैसला प्राथमिक विद्यालय के पास लक्ष्मी पूजा एवं छठ पूजा के शुभ अवसर पर लक्ष्मीनगर पूजा कमेटी एवं हैसला पूजा कमेटी संघ ने दुगोला महामुकाबला का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत लक्ष्मीनगर पूजा कमेटी के आयोजक मोहन प्रसाद गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा उर्फ बूल बाबा, छत्तरपुर के भीष्म पितामह कहे जाने वाले पूर्व प्रमुख गोपाल प्रसाद सिंह,पूजा कमिटी के रामप्रसाद यादव उर्फ व्यास जी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया।

# बाल दिवस पर याद किये गये चाचा नेहरू

➲ शैक्षणिक संस्थानों में बाल दिवस की धूम

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारत के प्रथम प्रधान मंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। शैक्षणिक संस्थानों में स्कूली बच्चों ने बाल दिवस पर कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये। नेहरू जयंती पर जिले वासियों ने उन्हें याद कर नमन किया। स्कूली बच्चों के बीच कई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर कई कार्यक्रम



**बिश्रामपुर (पलामू)।** उमेश सिंह एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित बेलचंपा ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर कई कार्यक्रम किया गया। उद्घाटन विद्यालय के संस्थापक उमेश सिंह व चेयरमैन अमित कुमार सिंह बाबुल ने किया। अतिथियों ने प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। अमित सिंह ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं। इन्हें शिक्षित कर नये समाज का निर्माण होना चाहिए। प्राचार्य ओमप्रकाश मिश्रा ने कहा कि चाचा नेहरू को बच्चों से विशेष लगाव था। वे बच्चों से काफी प्रेम करते थे। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। यूकेजी की छात्रा सौम्या व अश्वी आनंद ने इतनी सी खुशी गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। प्रतीक शर्मा व अश्विनी कुमार ने कई बेहतरीन गीत गाये।

## कई स्कूलों में मना बाल दिवस



**सतबरवा पलामू।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, बालिका उच्च विद्यालय सतबरवा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय द्वारा पोखरी हरिजन टोला व एम एस पब्लिक स्कूल धावाडीह समेत प्रखंड क्षेत्र के कई विद्यालयों में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस सह बाल दिवस मनाया गया। मौके पर बालिका उच्च विद्यालय के छात्राओं ने पंडित नेहरू का चित्रांकन किया। वहीं धावाडीह में जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, मुखिया रिंकी यादव, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, पांकी के विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो के द्वारा पंडित नेहरू के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा बच्चों को पेन, कॉपी, चॉकलेट देकर सम्मानित किया। इस दौरान अतिथियों ने कहा कि पंडित नेहरू कुशल व्यक्तित्व के साथ-साथ एक कुशल राजनेता थे जिन्हें आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

## चेकडैम निर्माण से किसानों की खेतों तक पहुंचेगा पानी : पुष्पा

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाटन पलामू।** प्रखंड के कोईरीयाडीह खामही रझारा ग्राम में जीजोई नदी में चेक डैम का शिलान्यास पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी एवं पूर्व सांसद मनोज कुमार ने किया। यह योजना लघु सिंचाई विभाग के द्वारा लगभग 86लाख के लागत से निर्मित किया जायेगा। विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि पाटन-छतरपुर विस क्षेत्र की समस्याओं के समाधान करने को लेकर संकल्पित हैं। चेक डैम निर्माण हो जाने से किसानों की खेतों तक पानी पहुंचेगा और फसल उत्पादन अधिक होगा। उन्होंने इस चैक डैम के बनने से आस पास के सभी गांवों का सिंचाई सुलभ हो जायेगी। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों की समस्याओं को लेकर गंभीर है। चेक डैम बन जाने से किसानों के खेत सिंचित होंगे।

### पड़वा के गाड़ी खास में भक्ति जागरण आज आठ बजे से

**पड़वा पलामू।** झारखंड स्थापना दिवस पर मंगलवार को पड़वा प्रखंड के गाड़ी खास में नवयुवक संघ भक्ति जागरण का आयोजन करेगा। यह जानकारी समाजसेवी ललन मेहता ने दी। बताया कि जागरण में कलाकार राकेश एवं सूजीत जैन कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम गाडीखास पंचायत सचिवालय के पास रात आठ बजे होगा।

### बिरसा मुंडा जयंती आज, जिला प्रशासन करेगा माल्यार्पण

**मेदिनीनगर।** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती सह राज्य स्थापना दिवस पर 15 नवंबर को जिला प्रशासन स्टेशन चौक पर स्थित भगवान बिसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेगा। इसके बाद पंडित दीन दयाल स्मृति नगर भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम व विभिन्न विकासात्मक व कल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों में परिसंपत्तियों का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## सतबरवा : डीएसई ने राजकीय प्रावि घुटुआ का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार ने सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय घुटुआ का निरीक्षण किया तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के लोगों से बातचीत कर विद्यालय के संचालन की जानकारी ली। बताया जाता है कि जिला शिक्षा अधीक्षक के निरीक्षण के समय छात्र-छात्राओं की संख्या 36 थी जबकि विद्यार्थियों का नामांकन 97 है। वहीं घुटुआ विद्यालय से लौटने के क्रम में डीएसई ने सतबरवा में कन्या मध्य विद्यालय का भी निरीक्षण किया। मालूम हो कि ग्रामीणों की शिकायत पर पलामू डीसी ए दोड्डे के आदेश पर सहायक समाहर्ता श्रीकांत विसपुते ने 11 नवंबर को विद्यालय का निरीक्षण किया था। जिसमें विद्यालय के शिक्षक कुंदन कुमार अनुपस्थित मिले थे। जांच रिपोर्ट के आधार पर डीसी ए दोड्डे ने तत्काल जिला शिक्षा अधीक्षक को शिक्षक को निलंबित करने का आदेश दिया था। उसके उपरांत विद्यालय का निरीक्षण क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हरेंद्र तिवारी ने भी किया जा चुका है।

# ऑक्सफोर्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने बाल दिवस पर किये कार्यक्रम प्रस्तुत

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में शिक्षकों, शिक्षिकाओं और छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर सबसे पहले प्रार्थना सभा में प्राचार्य डा एके सिंह ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात विद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने प्रार्थना सभा आयोजित की। शिक्षिका प्रभारी पल्लवी सिंह ने बाल दिवस पर पंडित जवाहर लाल नेहरु जी के व्यक्तित्व पर भाषण प्रस्तुत किए। शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के द्वारा गीत, भाषण, नृत्य एवं प्रश्नोत्तरी प्रस्तुत की गई। प्री-नर्सरी से कक्षा तृतीय तक के छात्रों के लिए नृत्य का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने खूब लुत्फ उठाया। पश्चात विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के मध्य क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। अंत में विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने चाचा नेहरु के जीवन पर प्रकाश डाला तथा बच्चों को चाचा नेहरु के जीवन के सद्गुणों को अपनाने का संदेश दिया एवं उन्हें बाल दिवस की शुभकामनाएं दी। मौके पर प्राचार्य ने कहा कि झारखंड 28वां राज्य था जो बिहार राज्य से अलग होकर बना। झारखंड को अलग राज्य का दर्जा हमारे दिवगंत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के काल में प्राप्त हुआ।

**कार्यक्रम की खास बातें :** उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के विरुद्ध स्वतंत्रता संग्राम, झारखंड के मूल निवासी एवं जनजातियों के उत्थान के लिए उन्होनें अहम् भूमिका निभाई। इसी कारण उनके जन्म दिवस को झारखंड के स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। भगवान बिरसा मुंडा ने हमें देश के प्रति प्रेम, त्याग, समर्पण और देशभक्ति की भावना को अपने हृदय में जगाने का संदेश दिया। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक तथा शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# स्वयंसेवक सीमांत-ज्योति ने 10,300 फीट की ऊंचाई पर तिरंगा फहराया

■ मजदूर किसान डिग्री महाविद्यालय डंडार कला पांकी में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक हैं सीमांत और ज्योति

संजय



**खास बातें :** इस साहसिक कार्य के लिए नीलांबर-पीतांबर के विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ रामलखन सिंह कुल सचिव डॉ राकेश कुमार सिंह के साथ एम के कॉलेज के सचिव सह पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता, कॉलेज के पूर्व सचिव डॉ बिंदेश्वर सिंह, प्राचार्य डॉ दिलीप कुमार राम, कार्यक्रम पदाधिकारी पुरषोत्तम सिंह, पूर्व ग्रुप लीडर प्रदीप कुमार सिंह एवं कॉलेज के शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी, स्वयंसेवक, स्वयंसेविकाओं ने कॉलेज का नाम रौशन करने के लिए दोनों को बधाई दी और इनके सुखमय जीवन की कामना की है।

**पांकी पलामू।** मजदूर किसान डिग्री महाविद्यालय डंडारकला में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सीमांत कुमार एवं ज्योति कुमारी ने मनाली के खोकसर में 10 हजार 300 फिट उचाई पर तिरंगा फहराने का साहसिक कार्य किया है। दोनो स्वयंसेवकों ने इस कार्य से पांकी सहित पलामू जिले को गौरवान्वित किया है। मजदूर किसान डिग्री कॉलेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक सीमांत कुमार एवं ज्योति कुमारी का चयन युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना में हुआ है। हिमाचल प्रदेश में यह आयोजन 10 नवंबर से 19 नवंबर तक चलेगा। सीमांत एवं ज्योति ने इसी अवधि के बीच खोकसर में 10 हजार 300 फिट ऊंचाई पर तिरंगा लहराया।

# आज 501 नगाड़े बजा कर आदिवासी सम्मेलन संवाद का होगा भव्य आगाज

- झारखंड स्थापना दिवस पर नगरवासियों को टाटा स्टील के दिये पांच उपहार
- 186 आदिवासी समुदायों के 2500 से अधिक आदिवासी प्रतिनिधियों की मौजूदगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**




ट्राइबल कल्चर सेंटर परिसर में प्रतिनिधियों के स्वागत में सोहराई पेंटिंग करती डुमनी मुर्मू और पत्रकारों को संबोधित करते सौरव रॉय और साथ में जीरेन टोपनो।

**जमशेदपुर।** संवाद आदिवासी समुदाय की पहचान से जुड़ा टाटा स्टील फाउंडेशन का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जो इस वर्ष अपने 9वें संस्करण में है, का आयोजन 15 नवंबर से 19 नवंबर 2022 तक जमशेदपुर के गोपाल मैदान में होगा। महामारी के वर्षों के दौरान ऑफलाइन आयोजित होने के बाद, संवाद 2022 में 200 जनजातियों का प्रतिनिधित्व करने वाले 2000 से अधिक लोग जुटेंगे। इनमें 23 राज्यों एवं 4 केंद्र शासित प्रदेशों से 27 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) शामिल हैं। जमशेदपुर की गलियों में 15 नवंबर से 19 नवंबर 2020 तक झारखंड की 31 जनजातियों के 501 नगाड़ों की आवाज गूंजेगी। मंगलवार को गोपाल मैदान में शाम छह बजे से आयोजित है जिसमें झारखंड के 31 से अधिक जनजातीय समूह नगाड़े बजा कर संवाद का आगाज करेंगे।

टाटा स्टील फाउंडेशन के सीइओ सौरव रॉय और उनके सहयोगी जिरेन टोपनों ने यहां पत्रकारों को बताया कि प्रत्येक वर्ष संवाद का एक विशिष्ट विषय होता है। यह एक ऐसा विषय होता है, जो आदिवासियों की पहचान से संबंधित कई चचाओं से उत्पन्न होता है। इस वर्ष का विषय रीइमेजिन अर्थात पुनर्कल्पना है, जिसका उद्देश्य इस गतिशील समाज में सामाजिक परिवर्तन को सक्षम करने में आदिवासी समाज के लोगों की भूमिका के बारे में चर्चा को बढ़ावा देना और स्वयं समुदायों की आवाजों को सुनना है।

## नीलडीह और बिरसानगर क्षेत्र को मिला बाल उद्यान का उपहार



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने आज बाल दिवस के अवसर पर जमशेदपुर के नागरिकों को, मुख्य रूप से बच्चों के लिए, नीलडीह में एक और पार्क समर्पित किया। सरयू राय विधायक (जमशेदपुर पूर्व) और चाणक्य चौधरी, उपाध्यक्ष, कॉरपोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील मुख्य अतिथि थे। पार्क को 1.5 एकड़ के क्षेत्र में विकसित किया गया है। यह जल निकाय के रूप में विकसित 3.2 एकड़ क्षेत्र से अलग है। पार्क में बच्चों के खेलने का क्षेत्र है जहां कई स्लाइड और सवारी स्थापित की गई हैं।

## साकची गोलचक्कर पर बना बिरसा पार्क आज बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण

>> विधायक मंगल कालिंदी के विधायक फंड से लग रही प्रतिमा



**जमशेदपुर।** शहर के हृदय स्थली साकची में भगवान बिरसा मुंडा की 18 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण झारखंड स्थापना दिवस 15 नवंबर को दिन के 11 बजे होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में मंत्री चंपई सोरेन,टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी और विधायक मंगल कालिंदी विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे। जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के विधायक मंगल कालिंदी ने दी। मंगल कालिंदी ने बताया कि वे अपने विधायक फंड से 2.61 लाख की लागत से यह प्रतिमा स्थापित करवा रहे हैं जबकि बिरसा टैंगुलर पार्क का जीर्णोद्धार टाटा स्टील यूआइएसएल ने किया है।

## एमओयू संपन्न, कैंसर पीड़ित बच्चों के इलाज खर्च उठायेंगे निरुप और रुपा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कुदी मोहंती सभागार में बोलते चाणक्य चौधरी।

**जमशेदपुर।** मेहरबाई टाटा मेमोरियल अस्पताल (एमटीएमएच) ने कुडी महंती सभागार में बाल कैंसर पीड़ितों के साथ बाल दिवस मनाया। श्रीमती रुचि नरेंद्रन और चाणक्य चौधरी, वाईस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मौके पर एमटीएमएच ने बीमारी से लड़ने वाले बच्चों के साहस को पहचाना और उनके इलाज के लिए उदारतापूर्वक दान देने वाले कुडी महंती चिरेन अपॉर्च्युनिटीज (केएमसीओ) ट्रस्ट को धन्यवाद दिया। अब तक कुल 28 बच्चे केएमसीओ के लाभार्थी हो चुके हैं जिनमें से 17 इस अवसर पर उपस्थित थे। केएमसीओ ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती रूपा महंती ने बचपन के कैंसर के इलाज के लिए और सहायता के लिए एमटीएमएच को एक चेक सौंपा। केएमसीओ ट्रस्ट के अध्यक्ष निरूप महंती ने सभी बच्चों को उपहार भेंट किये।

## टीएमएच में खुला डायबिटीज केयर सेंटर



**जमशेदपुर।** विश्व मधुमेह दिवस पर आज टाटा मेन हॉस्पिटल में अपनी तरह के पहले डायबिटीज केयर सेंटर का उद्घाटन किया गया। केंद्र जमशेदपुर और आसपास के स्थानों के नागरिकों को मधुमेह और संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के समग्र प्रबंधन के लिए एक व्यापक समाधान के रूप में काम करेगा। केंद्र मधुमेह और संबंधित स्वास्थ्य बीमारियों के सर्वोत्तम प्रबंधन के लिए सभी उन्नत नैदानिक और चिकित्सीय समाधान लायेगा।































# ब्रिटेन से सीखें

ऋषि सुनक के ब्रिटेन के पीएम बनने के बाद कुछ लोग यह भी कह रहे हैं कि हमें ब्रिटेन से सीखना चाहिए। निश्चित रूप से यह सीखने की बात तो है। हमारे भारत में लगभग 20 प्रतिशत नागरिक अल्पसंख्यक की श्रेणी में आते हैं। मुसलमानों के अलावा बौद्ध, सिख और जैन आदि शामिल हैं। इनमें मुसलमानों की संख्या लगभग 15 प्रतिशत है, इसलिए सामान्यतः जब अल्पसंख्यकों की बात होती है तो उसका संदर्भ मुसलमान से ही होता है। ऐसा नहीं है कि भारत में मुसलमानों को ऊंचे पद नहीं मिले हैं। तीन बार देश के राष्ट्रपति बनने का अवसर मुसलमानों को मिला है। राजस्थान और बिहार समेत कुछ राज्यों के मुख्यमंत्री मुसलमान बन चुके हैं। जहां तक प्रधानमंत्री का सवाल है, यदि कोई योग्य व्यक्ति निर्वाचित होता है और संसद में उसे बहुमत का समर्थन मिलता है, तो कोई मुसलमान अवश्य इस पद पर पहुंच सकता है। वैसे अल्पसंख्यक सिख प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति दोनों पदों पर पहुंचे हैं।यहीं इस बात को भी स्वीकार करना होगा कि यह बात अभी सिद्धांततः ही लागू होती है। हम इस सच्चाई से भी मुंह नहीं चुरा सकते कि हमारी वर्तमान संसद में सत्तारूढ़ दल (भाजपा) का एक भी सांसद मुसलमान नहीं है। भाजपा का कहना है कि वह जीत की संभावनाओं को देखकर किसी को अपना उम्मीदवार बनाती है। पर, सवाल उठता है धर्मनिरपेक्ष देश में किसी राजनीतिक दल को कोई मुसलमान अल्पसंख्यक जीतने लायक क्यों नहीं दिखता? क्या हमारे मतदाता भी धर्म के आधार पर ही वोट देते हैं? यदि ऐसा होता तो विधायकों-सांसदों में कोई अल्पसंख्यक कैसे होता? ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री ने वादे पूरे न कर पाने की बात स्वीकार कर वस्तुतः इसी नैतिकता का एक उदाहरण प्रस्तुत कर सकते हैं। हम एक यर्थात नीति से चलें तो वैश्विक सहयोग और विकास संभव

# एथनॉल की दर बढ़ी

केंद्र सरकार ने पेट्रोल में मिलाने के लिए इस्तेमाल होने वाले एथनॉल की कीमत बढ़ा दी। सरकार आयातित तेल पर निर्भरता घटाने के लिए एथनॉल को बढ़ावा दे रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने सभी तीन तरह के एथनॉल की कीमतों को बढ़ाने का फैसला किया। दिसंबर, 2022 से शुरू होने वाले आपूर्ति वर्ष के लिए गन्ने के रस से बनने वाले एथनॉल की कीमत को बढ़ाकर 65.60 रुपये प्रति लीटर सी-हेवी शीरे से बनने वाले एथनॉल की दर 46.66 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 49.40 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। इसी तरह बी-हेवी शीरे से बनने वाले एथनॉल की दर 59.08 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 60.73 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। इस समय पेट्रोल में 10 प्रतिशत एथनॉल मिलाया जाता है और सरकार 2024-25 तक इस मात्रा को दोगुना करना चाहती है। हमने किसानों को फायदा पहुंचाने के अलावा 10 प्रतिशत मिश्रण से विदेशी मुद्रा व्यय में लगभग 40,000 करोड़ रुपये की बचत की है। अप्रैल, 2023 से चुनिंदा पेट्रोल पंपों पर 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का पायलट परीक्षण शुरू किया जाएगा। गन्ने के रस के साथ टूटे चावल और अन्य कृषि उत्पादों से निकाले गए एथनॉल के उपयोग से भारत को आयातित तेल पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। भारत फिलहाल अपनी 85 प्रतिशत तेल जरूरतों को आयात के जरिये पूरा करता है। प्औसतन 10 प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य जून, 2022 में हासिल कर लिया गया, जबकि इसके लिए नवंबर, 2022 का लक्ष्य तय किया गया था। सरकार ने पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य 2030 से घटाकर 2025-26 कर दिया है। निश्चित तौर पर यह एक बेहतर कदम है जिससे देश की विदेशी मुद्रा भंडार और हमारे किसानों को लाभ हो रहा है।


# झारखंड के लिये चुनौती है जल का संरक्षण



झारखंड 15 नवंबर को स्थापना दिवस मना रहा है। झारखंड एक पठारी राज्य है जहां जल चट्टानों के बीच अटका होता है और सौभाग्य से मॉनसून की अच्छी बरसात इस राज्य में होती है। गंगा,सोन, दमोदर और स्वर्णरेखा प्रमुख नदी है। लेकिन गंगा के प्रबंधन में बेसिन-व्यापक एकीकरण का अभाव है, साथ ही विभिन्न तटवर्ती राज्यों के बीच भी तालमेल की भारी कमी है। इसके अलावा, जल जीवन मिशन के तहत 2024 तक सभी निर्दिष्ट स्मार्ट शहरों में जलापूर्ति और अपशिष्ट जल उपचार के बुनियादी ढांचे को उन्नत करने और स्वच्छ जलापूर्ति सुनिश्चित करने की एक बड़ी चुनौती है। **हिमालय** तीन प्रमुख भारतीय नदियों का स्रोत है- सिंधु, गंगा और ब्रह्मपुत्र। भारतीय संस्कृति की साक्षी गंगा अपने मूल्यवान पारिस्थितिकी, आर्थिक और सांस्कृतिक महत्त्व के साथ भारत की सबसे पवित्र नदियों में से एक है। लगभग ढाई हजार किलोमीटर की यात्रा करने वाली यह भारत की सबसे लंबी नदी है। गंगा नदी घाटी क्षेत्र देश की छब्बीस फीसद भूमि का हिस्सा है और भारत की तियालीस फीसद आबादी इससे पोषित होती है। भारत के कुल अनुमानित भूजल संसाधनों का लगभग चालीस फीसद गंगा बेसिन से आता है। शहरी, आर्थिक और औद्योगिक क्षेत्रों से मीठे पानी की लगातार बढ़ती मांग और संरचनात्मक नियंत्रण के कारण गंगा का पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित हो गया है।

पारंपरिक नदी प्रबंधन में संरचनात्मक नियंत्रण का प्रभुत्व था, जिसके परिणामस्वरूप नदी कार्यों का स्तर कम होता गया। गंगा पुनर्जीवन और संरक्षण के चार संरचनात्मक स्तंभ हैं- अविरल धारा (निरंतर प्रवाह), निर्मल धारा (स्वच्छ जल), भूगर्भिक इकाई (भूवैज्ञानिक विशेषताओं का संरक्षण) और पारिस्थितिक इकाई (जलीय जैव विविधता का संरक्षण)। हमें यह जानना चाहिए कि चार पुनर्स्थापना स्तंभों को एकीकृत किए बिना हम गंगा की सफाई के सपने को साकार नहीं कर सकते।

इनमें गंगा एक्शन प्लान (जीएपी, चरण एक और दो ) और राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन प्राधिकरण की स्थापना जैसे प्रयास थे, लेकिन लंबे समय तक इनके ठोस नतीजे नहीं मिले। दिसंबर 2019 में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में अपनी पहली बैठक में गंगा परिषद ने पांच राज्यों में गंगा बेसिन के दोनों ओर पांच



- अभय कुमार सिंह

> 3 फरवरी 2015 को हुई बैठक में यह किया गया था कि दामोदर नदी जो गंगा की सहायक नदी है, उसे नमामि गंगे परियोजना में शामिल किया जाएगा। नदियों में मिलने वाले सभी प्राकृतिक नाले आज सीवेज चैनल में बदल गए हैं। ऐसे नालों को फिर से स्वस्थ जल निकायों में बदलना होगा।झारखंड की नदियों का संरक्षण और उनका सदउपयोग के साथ गंगा के जल से राज्य को होने वाले लाभ का अधिकाधिक उपयोग भी आवश्यक है। आखिर जल ही जीवन है और हरियाली भी।

किलोमीटर क्षेत्र में जैविक समूहों को बढ़ावा देकर गंगा के मैदानों में स्थायी कृषि को बढ़ावा देने की योजना पर काम किया। सरकार को अंततः बेसिन में अधिक क्षेत्र को शामिल करने के लिए इसे फैलाने की योजना बनानी चाहिए। नदी किनारे की कृषि संपूर्ण जैविक होनी चाहिए।

शहरीकरण के विस्तार और जनसंख्या के कारण नदियाँ प्रदूषित हुई हैं। इसका असर यहाँ की स्वर्णरेखा नदी पर भी पड़ा है। यह छोटानागपुर के पठारी भूभाग नगड़ी से निकलती है। राँची ज़िले से प्रवाहित होती हुई स्वर्ण रेखा नदी सिंहभूम ज़िले में प्रवेश करती है तथा उड़ीसा राज्य में चली जाती है।

स्वर्ण रेखा के सुनहरी रेत में सोने की मात्रा पाई जाती है। किन्तु इसकी मात्रा अधिक न होने के कारण व्यवसायी उपयोग नहीं किया जाता है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण परिषद की रिर्पोट से स्वर्णरखा के प्रदूषण के स्तर का खुलासा हुआ है। आलम यह है कि ड्रेनेज तथा सिवेज का निकास इस नदी में हो रहा है। इसके प्रदूषण के सन्दर्भ में झारखण्ड उच्च न्यायालय को स्वतः संज्ञान लेना पड़ा।

उच्च न्यायालय ने राज्य को सरकार को निर्देश दिया है। इसके लिये राज्य सरकार ने 1319 करोड़ रुपये की लागत से योजना का प्रारूप तैयार किया है। राज्य में गंगा साहेबगंज जिले से प्रभाहित होती है। बिहार के तर्ज पर पीने का जल हम वहां से उन जिलों को उपलब्ध करा सकते हैं जहां कठिनाई है। राज्य सरकार ने पहले भी इस योजना को स्वीकृत करने के लिये मंत्रालय से अनुरोध किया था, लेकिन मंत्रालय की ओर से कार्रवाई की सूचना अप्राप्त है। केन्द्र सरकार से अनुरोध किया है कि वह सम्पूर्ण सीवेज सिस्टम को विकसित कर बहुप्रतिक्षित माँग को पूरा करें। उन्होंने योजना की राशि केन्द्र के स्तर से या अन्तरराष्ट्रीय वित्त पोषण के माध्यम से उपलब्ध कराने का भी सुझाव दिया है। झारखण्ड की दूसरी महत्त्वपूर्ण नदी है दामोदर। दामोदर नदी का पानी पीने लायक नहीं रह गया है। पीने की बात तो दूर पानी इतना काला और प्रदूषित है कि लोग नहाने से भी कतराते हैं। इस प्रदूषण के जिम्मेदार हैं यहाँ के कल-कारखाने और खदान।

हजारीबाग, बोकारो एवं धनबाद जिलों में इस नदी के दोनों किनारों पर बड़े कोलवाशरी हैं, जो प्रत्येक दिन हजारों घनलीटर कोयले का धोवन नदी में प्रवाहित करते हैं। इन कोलवाशरियों में गिद्दी, टंडवा, स्वांग, कथारा, दुगदा, बरोरा, मुनिडीह, लोदना, जामाडोबा, पाथरडीह, सुदामडीह एवं चासनाला शामिल हैं। इन जिलों में कोयला पकाने वाले बड़े-बड़े कोलभट्ठी हैं जो नदी को निरन्तर प्रदूषित करते रहते हैं।

चन्द्रपुरा ताप बिजलीघर में प्रतिदिन 12 हजार मिट्रिक टन कोयले की खपत होती है और उससे प्रतिदिन निकलने वाले राख को दामोदर में प्रवाहित किया जाता है। इसके अतिरिक्त बोकारो स्टील प्लांट का कचरा भी इसी नदी में गिरता है।नजीजतन दामोदर नदी के जलनमूने में ठोस पदार्थों का मान औसत से अधिक है। नदी निरन्तर छिछली होती जा रही है और इसके तल एवं किनारे का हिस्सा काला पड़ता जा रहा है।दामोदर नदी के जल में भारी धातु- लौह, मैगजीन, तांबा, लेड, निकेल आदि पाये जाते हैं। प्रदूषण का आलम यह है कि नदी के जल में घुलित ऑक्सीजन की मात्रा औसत से काफी कम है। इसके सवाल पर निरन्तर आन्दोलन होता आया है। 3 फरवरी 2015 को हुई बैठक में यह किया गया था कि दामोदर नदी जो गंगा की सहायक नदी है, उसे नमामि गंगे परियोजना में शामिल किया जाएगा। नदियों में मिलने वाले सभी प्राकृतिक नाले आज सीवेज चैनल में बदल गए हैं। झारखंड की नदियों का संरक्षण और उनका सदउपयोग के साथ गंगा के जल से राज्य को होने वाले लाभ का अधिकाधिक उपयोग भी आवश्यक है। आखिर जल ही जीवन है और हरियाली भी।

**(लेखक खबर मन्त्र हजारीबाग के ब्यूरो चीफ हैं।)**

### खास बात

# जिम में हार्ट अटैक

**जिम में कर रहे हैं ये गलतियां तो हो जाएं सावधान! बन सकता है हार्ट अटैक का कारण**

कोरोना महामारी के बाद जिम में एक्सरसाइज और डांस करते हुए अचानक हार्ट अटैक से होनी वाली मौत के मामले अब ज्यादा देखने को मिल रहे हैं।

मशहूर टीवी अभिनेता सिद्धांत वीर सूर्यवंशी का 46 साल की उम्र में निधन हो गया। शुक्रवार (11 नवंबर 2022) को सुबह जिम में वर्कआउट करते समय सिद्धांत को हार्ट अटैक आया। इसके बाद सिद्धांत को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

इससे पहले मशहूर कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव को भी जिम में वर्कआउट के दौरान हार्ट अटैक आया था। अस्पताल में कई दिनों तक जूझने के बाद राजू श्रीवास्तव जिंदगी की जंग हार गए। पिछले कुछ सालों में जिम में एक्सरसाइज करने के दौरान हार्ट अटैक के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। आइए जानें कि वर्कआउट करते समय हार्ट अटैक क्यों होता है और किन गलतियों से बचना चाहिए-

**दिल का दौरा पड़ना वास्तव में क्या है?**

दिल का दौरा एक परिसंचरण विकार है। हृदय को रक्त आपूर्ति प्रणाली में रुकावट होने पर व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ता है। कभी-कभी हृदय की मांसपेशियों के एक हिस्से में ऑक्सीजन युक्त रक्त का प्रवाह धीमा हो जाता है या कुछ मामलों में अवरुद्ध भी हो जाता है। ऐसे में अगर जल्द से जल्द रक्त प्रवाह सामान्य नहीं किया जाता है तो मांसपेशियों में ऑक्सीजन की कमी के कारण हृदय की मांसपेशियां फेल होने लगती हैं और परिणामस्वरूप हृदय धड़कना बंद कर देता है।

किसी भी व्यक्ति को शारीरिक क्षमता को ध्यान में रखकर ही व्यायाम करना चाहिए, क्योंकि शरीर की एक विशिष्ट क्षमता होती है। अक्सर कम शारीरिक क्षमता होने के बावजूद कई लोग जिम में अधिक व्यायाम करते हैं। जो उनके दिल को बुरी तरह प्रभावित करता है।

मैराथन धावकों पर किए गए एक अध्ययन के अनुसार, जब लोग दौड़ समाप्त करते हैं तो उनके रक्त के नमूने हृदय क्षति से संबंधित बायोमार्कर बन जाते हैं। हालांकि वे समय के साथ अपने आप ठीक हो जाते हैं।

# अगस्त्य से भेंट

### धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**खर** दूषण के साथ उसकी बहन सूर्पनखा गुप्तचरी करती है और हर आने-जाने वाले को टोह लगाती रहती है। मुनि अगस्त्य ने कहा कि आपलोग वहां जाकर अवश्य अपना शिविर बनाएं। ज्योंही वह जानेगी कि कोई अजनबी आए हैं वह तुरंत आ जाएगी और जब वह पास में आ जाए तो देर मत करिए उसका नाक-कान काट दीजिएगा। परिणाम यह होगा कि वह दौड़ कर जाएगी और अपने भाई खर-दूषण को सूचित करेगी। खर-दूषण उसके बाद पूरी क्रोध में सेना लेकर आपलोगों को मारने दौड़ेगा। मैं आपको बता देता हूं कि आप गंधर्व विद्या के जानकार हैं तो आप उस गंधर्व विद्या का प्रयोग करेंगे और उसके द्वारा उसकी दस हजार सेना मारी जाएगी। बच जाएगा खर और दूषण जिसका वध आप वाणों से कर सकते हैं। श्रीराम अगस्त्य मुनि की बात सुन कर पंचवटी की ओर प्रस्थान किये। एक दिन उन्होंने सोचा कि जो कुछ मुनि ने कहा है उससे ये बताया है कि शूर्पणखा जाकर लंका में रावण को बताएगी और वह रावण सीता को हरण करेगा। अतः यह बात हमें सीता को बता देना चाहिए। एक दिन लक्ष्मण जी कंद मूल और फल लेने के लिये जंगल में गये थे तब राम जी ने सीता को बुलाया और सारी कहानी कह दी। वे बोले सीता रावण बध के लिये तुम्हारा अपहरण होगा और तुम्हें लंका जाना पड़ेगा। सीता नेकहा प्रभु यह हाड़ मांस का देह किसी न किसी दिन मिट्टी में मिलेगा। अगर आपके किसी काम आ जाए तो मेरा जीवन धन्य है।


**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

**बड़ा** खूबसूरत रिश्ता है
हमारे और उपर वाले के बीच,
ज्यादा मैं मांगता नहीं
कम वो देता नहीं।
**-अनुपम खेर, अभिनेता**

### आपके ट्वीट

32 साल पहले, पापा ने चारमीनार से सद्भावना यात्रा की शुरूआत की थी। उन्होंने अपनी जान की कुबार्नी दी थी। सद्भावना मानवता का सबसे अनुपम मूल्य है। मैं, और कांग्रेस पार्टी, इसे किसी विभाजनकारी ताकत के सामने टूटने नहीं देंगे। **-राहुल गांधी**





सत्संग की महिमा अद्भुत अकथनीय है। विवेक जागरण,दिव्यता के प्रस्फुटन व भगवत्प्राप्ति आदि श्रेष्ठ पुरुषार्थों के मूल में सत्संग ही है ।अतः जीवन सिद्धि के लिए सत्संग अबाध रहे
**- स्वामी अवधेशानंद गिरी जूना अखाड़ा**

# मैं झारखंड हूं, आज मेरा जन्म दिन है

**मुरलीधर**

### स्थापना दिवस

मैं झारखंड हूं। 15 नवंबर 2000 को मेरा जन्म हुआ। मैं अस्तित्व में आया। मेरा जन्म दिन उल्लास और खुशी के साथ विरोध के शब्दों के बीच हुआ। मैं आंदोलन से जन्म लेने वाला राज्य हूं। आज जब मैं युवा हो चुका हूं और मैं यह नहीं कह सकता कि मेरी योग्यता नहीं थी कि मैं विकसित राज्य न बन सकूं। मेरे अदंर पूरे देश को ऊर्जा देने के लायक कोयला है, मैंने निजी क्षेत्र की दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों में एक टाटा उद्योग समूह को पनपने और बढ़ने का धरातल तैयार किया है, एशिया का सबसे बड़ा लोहा उद्योग बोकारो प्लांट विकसित किया है,मदर इंड्रस्टीज के नाम से विश्व विख्यात हैवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन, सिंदरी का खाद कारखाना, जादूगोड़ा के यूरेनियम सहित पूरे देश का सबसे अधिक खनिज वाला राज्य हूं।

वर्ष 2000 के पहले मेरे पास एक राजनैतिक कारण था जब मैं कहता था कि बिहार राज्य का हिस्सा होने के कारण मेरे साथ अन्याय हो रहा है। राजनीति की क्षुद्र धारा में प्रवाहित होना मेरी मजबूरी थी, हर सुविधा से मोहताज था ऐसा पूरी तरह से नहीं था लेकिन आंशिक तौर पर सही भी था। राजनीतिक कारणों से मेरा जन्म हुआ और मैंने उम्मीद कि की अब मेरी सभी समस्यायें दूर हो जाएगी। मैं जंगलो से भरा, प्राकृतिक जल धाराओं की ध्वनि से प्रफुफलित होता, वन्य जीवों के साथ उद्योग का सामंजस्य वैठाये आर्थिक रुप से एक संपन्न राज्य था। मेरा पहला बजट लाभ कारी था। पूरे देश ही नहीं विश्व का ध्यान मेरी संसाधनों पर था और मैं भी सीना ताने देश के अन्य राज्यों के तरह विकसित राज्य कहलाना चाहता था। आखिर हमारे बच्चें भी उच्च स्तरीय शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ राष्ट्रीय अतंरराष्ट्रीय पटल पर छाने की योग्यता रखते हैं। चाहे वह हॉकी की टीम हो या तीरदांजी की, चाहे क्रिकेट हो या फुटबाल खेल भावना और विश्व स्तरीय मेघा हमारे रक्त में भरा है। हमारा चरित्र सरलता और सहजता के साथ अदभुत संतोषभाव से जुड़ा है जिसकी आज की दुनिया को आवश्यकता है। मैं कभी पलायन कभी नक्सली हिंसा से प्रभावित था लेकिन अब सहज हो रहा हूं। मेरा स्वभाव ही नहीं है कि किसी अतिरेक क्रिया के प्रतिप्रतिक्रिया से जबाव दूं।

हमारे शहरों और कस्बों को ध्यान से देखिये हर शहर देश ही नहीं दुनिया को आकर्षित करने की खासियत रखता है। रांची, धनबाद, जमशेदपुर, बोकारो, हजारीबाग, देवघर,मेदिनीनगर, दुमका,सरायकेला-खरसांवा, सिमडेगा,गुमला सहित हर छोटे-बड़ें स्थानों से राष्ट्रीय और अतंरराष्ट्रीय हस्ताक्षर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। बेतला के दुनिया के पहले टाईगर प्रोजेक्ट से चैतन्य महाप्रभु और आदि शंकराचार्य के मलूटी और छिन्न मस्तिका तक हमारा हर कोना अपनी खास्यित से आपको खींचता है। नेतरहाट और लोध जल प्रपात जैसे सुरम्य स्थल हमारी संपूर्णता को चार चांद लगाते हैं।

मैं अपने साढ़ें तीन करोड़ कर्मठ जनों के साथ बढ़ रहा हूं। मेरा स्वभाव है निर्मल इसलिये कभी किसी से शिकायत नहीं करता। मैं अपनी संस्कृति और विरासतों के साथ संपन्न नहीं होना चाहता हूं। मैं समृद्ध होना चाहता हूं अपने उन मानवीय मूल्यों के साथ जिसे बिरसा मुंडा सहित हमारे महान आदि पूर्वजों से सवांरा है। आज देश की पहली महिला महामहिम राष्ट्रपति द्रोपद्री मुर्मू जी का प्रिये राज्य बना हूं। वे हमारी राज्यपाल बनी फिर राष्ट्रपति। मेरी आबो हवा दुनिया में श्रेश्ठ है। हमारे साल वन हमारी पहचान हैं। मेरी आलोचना का जबाव मैं नहीं देता आज मैं सभी शभुच्छूओं को माफ कर रहा हूं और आलोचको को भी। मैं अपने युवा सीएम हेमंत सोरेन से उम्मीद लगाये हूं उम्मीद अब रंग ले रही है।

### कॉर्टून वर्ल्ड




### लेटर टू एडीटर

## रोकें भ्रमजाल

**चुनाव** का बिगुल बजते ही लुभावने वादों के साथ जन प्रतिनिधि जनता के दरबार में सेवक की भांति पेश होते दिखाई देते हैं। गरीबी उन्मूलन, बेरोजगारी दूर करना, मुफ्त बिजली-पानी, मकान, मुफ्त शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं, किसानों का कर्ज माफ व उनकी आय दोगुनी करना ये ऐसे कुछ वादे हैं जिन्हें अपने चुनाव घोषणा-पत्र में शामिल कर राजनीतिक पार्टियां सालों से अपनी रोटियां सेंकती आ रही हैं। **- निशीकांत, रांची**

## अन्न का संरक्षण

**समर्थन** मूल्य पर गेहूं जैसी उपज की सरकारी खरीद जारी है। खबरों के मुताबिक कई केंद्रों पर उपज को सुरक्षित रखने के माकूल इंतजाम नहीं हैं। पिछले वर्ष भी जब सरकारी खरीदी की गई और बेतरतीब मौसम की बेरुखी के चलते पानी गिरने से बेशकीमती गेहूं पानी में भीगने से सड़-गल गया था। ऐसे में सरकार पिछले साल के कटु अनुभव को ध्यान में रखते हुए अभी से उचित उपाय करने चाहिए। **- हेमा हरि, मेदिनीनगर**

# जंगल ही झारखंड की पहचान, घटते वन से वन्य जीवों पर असर

**प्रो डीएस श्रीवास्तव**

### विशेष

**झारखंड** राज्य की स्थापना जब हुई तो उस समय झारखंड में वनों का प्रतिशत इसके भौगोलिक एरिया का 36 प्रतिशत वन आच्छादित भूमि थी जो कि वर्तमान में 36 प्रतिशत वनभूमि तो है लेकिन वन लगातार कम हो रहे हैं घने वन सिमट गये हैं। जिनमें घने, विरल, चारागाह एवं झाड़ीदार वन भी हैं। झाड़ीदार एवं विरल वन की मात्रा अधिक होती जा रही है और घने जंगल तीन से पांच प्रतिशत होने की संभावना है। उक्त बातें एक विशेष साक्षात्कार में वन्य जीव विशेषज्ञ सह पर्यावरणविद प्रो डीएस श्रीवास्तव ने कही। उन्होंने कहा कि झार विहीन खंड की परिकल्पना भी समझ से परे है। विकास के लिए हमें खनिज चाहिए लेकिन कितना खनिज अपनी आवश्यकता की पूर्ति के लिए चाहिए यह तय नहीं किया जाता है। यदि खनिजों का विदोहन हो तो इसे हम विकास कह सकते हैं लेकिन वर्तमान समय में दूसरे देश अपनी वन खनिज संपदा को सुरक्षित रखकर अन्य देशों एवं राज्यों से खनिज लेकर अपना विकास कर रहे हैं उड़ीसा के मयूरभंज व सिंहभूम की हाथी जिन्हें हम राज्य वन पशु घोषित किये हैं उनके निवास को ही समाप्त किये गये और अब हाथी जो पहले सिंहभूम व उड़ीसा के मयूरभंज में रहते थे वे भेजन की तलाश में भटक कर झारखंड के वनों के साथ छतीसगढ़, आंध्र प्रदेश , बंगाल , मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की ओर बढ़ रहे हैं। आज झारखंड के वनों में हाथी के भेजन लायक कुछ भी नहीं बचा है। हाथी बेचारे हो चुके हैं। वनों के नष्ट होने का प्रभाव झारखंड के जलवायु परिवर्तन पर गहरा प्रभाव पड़ा है। इसके प्रभाव के कारण पूरा झारखंड सूखे की चपेट में आ चुका है। इस वर्ष फरवरी व मार्च के महीने में रात दिन के तापमान में लगभग 20 डिग्री सेल्सियस अंतर देखने को मिला है। जो झारखंड को रेगिस्तान बनने की ओर इंगित करता है। झारखंड में गांवों की संरचना हमेशा वनों के साथ जोड़कर हुई है। वन क्षेत्रों से निकले नालों के बगल में ही गांव बसे हैं और ये गांव अपने वनों को बचाने के जगह बेतहाशा दोहन किये हैं जिसके फलस्वरूप रात दिन के तापक्रम में रेगिस्तान जैसा प्रभाव देखने को मिला है। यह प्रभाव मनुष्य या ग्रामीणों के लिए अत्यंत ही प्रभावकारी हो रहा है। पानी की कमी , हवा के तापमान का बढ़ना, फसल चक्र एवं फलदार पौधे में फल बनने की क्रिया को प्रभावित कर रहा है जो यह प्रभाव दिन-रात जारी है। यदि यही स्थिति रही तो झारखंड में भूखमरी की नौबत आयेगी। विकास की जगह पर झारखंड को विनाश की ओर धकेल दिया गया है। झारखंड की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि 30 प्रतिशत वन नहीं रहने पर यहां के निवासियों को भेजन, पानी व जलवायु से जूझना पड़ेगा। सरकार अभी युवाअवस्था में है। वन्य खनिज विदोहन को अधिक महत्व देकर वनों को नष्ट करने में जूटी हुई है। झारखंड की कोयला से उत्तर व पश्चिम भारत के सभी विद्युत उत्पादन का काम होता है लेकिन झारखंड अभी भी विद्युत उत्पादन से स्वयं जूझ रहा है। 22 वर्षों में हम चाहते तो अपने वनों के क्षेत्रफल को दोगुना करते, उजड़े हुए वनों की सघन वनों में परिवतित्त करते और वनों को बचाने से बांस बढ़ता और बांस आधारित कल कारखाने लगते। इससे वन प्राणी जो समाप्त हो गये हैं वे वनों में विचरण करते मिलते। और यहां गरीबी की कोख में अमीरी पलती लोग पलायन से बचते , भूखमरी हाथ नहीं लगती। वन क्षेत्रों में वन्य जीव प्राणी देखने को मिलता।

**(गजेन्द्र कुमार मेदिनीनगर प्रतिनिधि से बातचीत पर आधारित आलेख)**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

### बरियठा मोड़ में अज्ञात युवक का शव बरामद

**बरही।** थाना क्षेत्र के बरियठा मोड़ के पास लगभग तीस वर्ष के युवक का शव पुलिस ने बरामद किया। मौके पर बरही पुलिस ने पहुंचकर चार खाली खोखा बरामद करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर जांच अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया गया। शव के शरीर मे ब्लू रंग का टी शर्ट व जीन्स है। जानकारी के अनुसार युवक के शिनाख्त किसी अन्य राज्य की बताई जा रही है। घटनाक्रम में युवक को चार गोलियां मारी गयी थी। जिसमे सभी खाली खोखे घटनास्थल से पुलिस द्वारा बरामद की गई। पुलिस इस मामले की तहकीकात में जुट गई है।

### 130 गरीबों के बीच बांटी गयी कंबल

**इचाक।** प्रखंड के गोबरबन्दा पंचायत में सोमवार को पंचायत परिसर में 130 गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया। कंबल वितरण में उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार मेहता एवं मुखिया संघ अध्यक्ष सह मुखिया रंजीत कुमार मेहता ने किया। उप प्रमुख ने कहा कि सरकार की ओर से बढ़ती ठंड को देखते हुए गरीबों के बीच कंबल वितरण किया गया। कंबल वितरण करने वालों में उप मुखिया साजमा खातून, वार्ड सदस्य गोपाल सिंह, फरीना खातून, बीएफ टी कैलाश कुमार अशोक राम अकील अंसारी के अलावा कई लोग शामिल थे।

### लॉर्ड गौतम विद्या मंदिर में मना बाल दिवस

**गोला।** प्रखंड क्षेत्र के जोभिया स्थित लॉर्ड विद्या मंदिर मैं सोमवार को बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्राचार्य गौतम वेदिया ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे कल के भविष्य है। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अलावे व्यवहारिक पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।

### वेंटीलेशन काटकर तोपा दुकान में हुई चोरी


कटा जाली जहां से हुई चोरी

**कुजू ।** कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत तोपा रेस्ट हाउस के सामने स्थित पूजा जेनरल स्टोर के वेंटिलेशन को काटकर रविवार रात चोरों ने नगदी समेत लाखों रुपए मूल्य के सामान चुरा ले गए। भुक्तभोगी दुकानदार मांडू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पटरंगी निवासी राजकुमार प्रजापति पिता चेतलाल प्रजापति द्वारा कुजू ओपी में दिए गए आवेदन के अनुसार प्रत्येक दिन की तरह वह रात में दुकान बंद कर अपने घर पटरंगी चला गया। सोमवार सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचा। दुकान के शटर के बगल का वेंटीलेशन कटा पाया। शटर खोलने के बाद जब वह अंदर गया तो दुकान पर सारे सामान को बिखरा पाया। आवेदन के अनुसार दुकान के राइट में रखें हॉर्लिक्स, तेल, आटा, च्यवनप्राश, साबुन, घी सामान गायब था। दुकान का गल्ला देखने पर गल्ले में रखा 30000 नगद भी गायब था। चोरी गए सामानों की अनुमानित कीमत लगभग 4,35,000 आंकी गई हैं। भुक्तभोगी दुकानदार राजकुमार प्रजापति ने मामले की लिखित जानकारी कुजू पुलिस को देते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

# महापुरूषों के विचारों से प्रेरित होकर कार्य करना चाहिए: शैलेश कुमार

**आईलेक्स पब्लिक स्कूल में बच्चों ने मनाई चाचा नेहरू की जयंती**

**बच्चों के बीच विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधान मंत्री प. जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन को बालदिवस के रूप में मनाए जाने वाले अवसर को पंचमाधव में संचालित सीबीएसई से निबंधित आईलेक्स पब्लिक स्कूल में धूमधाम से चाचा नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर खेल प्रतियोगिता तथा नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। बच्चे और स्टाफ अपने अपने क्लास में सभी बच्चों के साथ मिलकर केक काटा। साथ हीं सभी शिक्षकों ने अपने क्लास के बच्चो को गिफ्ट भी दिया। इसके अलावा बॉयज एकादश और टीचर्स एकादश के बीच आठ ओवर का क्रिकेट मैच हुआ। जिसमें टीचर्स एकादश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 69 रन बनाये। वहीं जवाबी पारी खेलते हुए सात ओवर में हीं पांच विकेट के नुकसान पर 70 रन बनाकर मैच जीत लिया। लड़कियों और महिला स्टाफ के बीच भी वॉलीबॉल का मैच हुआ। जिसे लड़कियों की टीम ने जीत लिया। कक्षा नवम और कक्षा दशम की छात्राओं के बीच कबड्डी का मैच आयोजित हुआ। इसके साथ हीं छोटे बच्चों के लिए म्यूजिकल चेयर हुआ। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने सभी बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि बचपन बहुत अनमोल होता है। इसे जी भर कर जिएं। साथ हीं अपने उद्देश्य को भी पक्का करो और आगे बढ़ो। कहा कि हम सभी को उनके विचारों से प्रेरित होकर निरंतर राष्ट्र के विकास में अपना योगदान देना चाहिए।



बालदिवस मनाते आइलेक्स पब्लिक स्कूल के बच्चे

## जेएसपी फाउंडेशन ने धूमधाम से मनाया बाल-दिवस




**भुरकुंडा( रामगढ़)।** ओपी जिंदल स्कूल, पतरातू में बाल-दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा वंदना-सभा और छात्राओं ने समूह गान प्रस्तुत किया। विद्यालय में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। तत्पश्चात कक्षाश: विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जो इस प्रकार हैं दौड़,गोला फेंक,टॉफी रेस, स्पून व मार्बल रेस, बैलून रेस आदि। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य गुरुदत्त पांडेय ने कहा कि विद्यालय में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण है। खेल का मैदान स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, सफल होने की भावना एवं अनुकरणीय अनुशासन का जीवंत स्थल है। इस अवसर पर जे.एस.पी. फाउंडेशन द्वारा संचालित 'आशा-दी हॉप' केंद्र में दिव्यांग बच्चों के साथ कंपनी के महिला क्लब के सदस्यों ने बाल दिवस को केक काट कर एवं बच्चों के बीच चॉकलेट, स्नैक्स और गिफ्ट वितरण कर मनाया। बिरहोर जन-जाती के बच्चों के शिक्षा के लिए चलाये जा रहे बालवाड़ी केंद्र एवं लड़कियों के लिए चलाये जा रहे फुटबॉल कोचिंग के स्थानों पर भी चॉक्लेट और केक का वितरण कर बाल-दिवस मनाया गया।

# ऑन ड्यूटी से गायब मिले डॉक्टर व सुरक्षाकर्मी, डीसी ने लगायी फटकार

खबर मन्त्र संवाददाता

**पतरातू।** रामगढ़ डीसी माधवी मिश्रा ने रविवार की देर रात पतरातू प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इससे स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण में ऑन ड्यूटी चिकित्सक डॉ. ऋतुराज अस्पताल से गायब मिले। पूछे जाने पर स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि डॉक्टर सर खाना खाने गए हुए हैं। इस पर डीसी भड़क उठी और स्वास्थ्य कर्मियों को फटकार लगाते हुए कहा कि तुम लोगों को झूठ बोलने का ट्रेनिंग मिला हुआ है। उन्होंने ससमय अस्पताल में उपस्थित रहकर अपना कार्य करने का निर्देश दिया। इसके बाद डीसी ने चिकित्सक, जीएनएम, एएनएम के रोस्टर की जांच की। इस दौरान डीसी ने दवा के स्टॉक, लेबर रूम, ड्रेसिंग रूम आदि का भी निरीक्षण किया। करीब आधा घंटा के बाद पहुंचे गायब ऑन ड्यूटी चिकित्सक डॉ. ऋतुराज को डीसी ने जमकर क्लास ली। उन्होंने साफ साफ शब्दों में कहा कि मरीजों के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डीसी ने अस्पताल प्रबंधन को स्थानीय पुलिस समेत चिकित्सकों, जीएनएम, एएनएम, एंबुलेंस चालक का नाम और मोबाइल नंबर बोर्ड में अंकित करने का निर्देश दिया। डीसी ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगली निरीक्षण पर कमी पाए जाने पर संबंधित चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी पर कार्रवाई की जाएगी।


रोस्टर की जांच करती उपायुक्त

### कस्तूरबा गांधी विद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था की ली जानकारी

अस्पताल के निरीक्षण के बाद डीसी माधवी मिश्रा ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने वार्डन सविता कुमारी से विद्यालय में सीसीटीवी कैमरे समेत सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। साथ ही अध्ययनरत छात्राओं से विद्यालय में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने छात्राओं से कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर वार्डन समेत स्थानीय अधिकारियों को जानकारी दें। डीसी ने वार्डन को छात्राओं को सभी सुविधाएं देने और सुरक्षा का हर हाल में पालन करने का निर्देश दिया।

## एक नजर में

### मतदाता पुनरीक्षण बूथों का आयुक्त ने किया निरीक्षण

**बरही।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्ष 2023 के मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम का प्रमंडलीय आयुक्त चन्द्र किशोर उरांव, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी बरही पूनम कुजुर, उप निर्वाचन पदाधिकारी हजारीबाग ने बरही विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 341, 342, 364, 365, 366, 360, 361, 362 का भौतिक सत्यापन किया। इस दरम्यान आयुक्त द्वारा सीधे मतदाताओं से वार्ता कर कार्यक्रम का जायजा लिया। आयुक्त ने बूथों का निरीक्षण किया और नए प्रपत्र-6, 7 एवं 8 में ही मतदाताओं का नाम जोड़ने, विलोपन एवं संशोधन करने का निर्देश दिया।

### हांथीयों झुंड दारू प्रखंड क्षेत्र में घुसा, दहशत में है ग्रामीण

**दारू।** सदर प्रखंड के सरौनी में दहशत मचाने के बाद 22 हांथीयों का झुंड सोमवार को दारू प्रखंड क्षेत्र में प्रवेश कर गया। प्रखंड क्षेत्र में हांथीयों के प्रवेश करने की सूचना पाकर ग्रामीण काफी दहशत में आ गए। दिग्वार पंचायत होते हुए हांथीयों का झुंड कवालु के रास्ते से जाकर जिनगा चाया के जंगलों में प्रवेश कर गया। प्रवेश करने के दौरान कवालु निवासी योगेंद्र सिंह के कई एकड़ में लगी टमाटर , राहड़ , आम बागवानी को रौंद दिया। हांथीयों ने प्रखंड प्रमुख कुमारी स्वेता ,अशोक यादव,सहदेव राम,जानकी महतो,बिसुन महतो सभी रामदेव खैरिका निवासी के खेत मे लगे धान को नष्ट कर दिया। सुरेश यादव जिनगा निवासी की चारदीवारी तोड़ दी। समाचार लिखे जाने तक हांथीयों का झुंड जिनगा के जंगलों में छठ घाट और सुरेश यादव की मुर्गी फार्म के पास जमे थे। ग्रामीणों को अंदेशा है कि शाम ढलते ही हांथीयों का झुंड उनके बस्ती में प्रवेश कर सकता है जिस कारण वे सब काफी दहसत में है। ग्रामीणों को वन विभाग की तरफ से भी आस्वाशन मिला है उनकी टीम हांथीयों को दूर खदेड़ने में उनकी मदद करेगी।

### कोल्हुआकला पंचायत में तिलेश्वर साहू सेना पंचायत कमिटी का हुआ गठन



**बरही।** प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत कमिटी विस्तार को लेकर तिलेश्वर साहू सेना की बैठक ग्राम बेला में संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य अतिथि प्रखंड अध्यक्ष संतोष रजवार उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कोल्हुआकला पंचायत समिति का गठन करना था। अतएव इस कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि संतोष रजवार के साथ प्रखंड प्रधान सचिव विष्णुधारी महतो, उपाध्यक्ष प्रकाश दास, सचिव मनोज पासवान, उपाध्यक्ष रहमान मियां की उपस्थिति में कोल्हुआकला पंचायत कमिटि का गठन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी ने अपना अपना विचार व्यक्त किया और आने वाले विधानसभा चुनाव में अरुण साहू को भारी मतों से विजयी दिलाने का संकल्प लिया।

### पथ निर्माण कार्य का किया विधायक ने शिलान्यास



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मतकमा चैक से चूटूपालू भाया पाली, सांकी एवं कोड़ी बाजार चिकोर भाया सुदी पथ निर्माण कार्य का सोमवार को समारोह आयोजित कर शिलान्यास किया गया। इसकी अध्यक्षता सुजीत पटेल व संचालन अमित साहु ने किया। क्षेत्र की विधायक अम्बा प्रसाद ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक ने विधिवत रूप से नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अम्बा प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र का सवार्गीण विकास करना हमारी प्राथमिकता है। ग्रामीणों की सुविधा को देखते हुए सुदूरवर्ती इलाकों में भी सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, ताकि लोगों को आवागमन में असुविधा ना हो। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में विकास के कई कार्य किए जाएंगे।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का बेडम पंचायत में आयोजन

**टाटीझरिया।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को प्रखंड के आखिरी पंचायत बेड़म में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दो लाभुको के बीच 30,000 रुपए, इसके अलावा मनरेगा के तहत 10 ग्रामीणों के बीच जॉब कार्ड का वितरण, केसीसी अंतर्गत दो लाभुको के बीच 70 हजार का चेक, एक दिव्यांग, एक विधवा व तीन वृद्धजनों को पेंशन और सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 61 किशोरियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।

## भूखंड पर अवैध कब्जे के प्रयास को लेकर स्थानीयों ने किया विरोध



**रामगढ़।** वार्ड नंबर दो स्थित एक भूखंड पर कुछ लोगों द्वारा कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। जिसका वहां वर्षों से झुग्गी झोपड़ी बनाकर रह रहे स्थानीय लोगों ने सोमवार को विरोध किया और मामले की जानकारी स्थानीय थाना को दी। जिसके बाद थाना रामगढ़ थाना पुलिस पहुंचे और स्थानीय लोगों ने कार्य रूकवा दिया। जिसके बाद अंचल कर्मी वहां पहुंचकर नापी व जांच किया। स्थानीय लोगों के मुताबिक वह भूमि सरकारी है। जिसपर वे कई वर्षों से झुग्गी झोपड़ी बनाकर रह रहे हैं। वहीं, दूसरे पक्ष का कहना है कि यह भूखंड उनकी है। बताया गया कि उक्त भूखंड पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सांसद द्वारा निर्मित लाइब्रेरी शहीद भगत सिंह क्लब आदि स्थित हैं। स्थानीय लोग दूसरे पक्ष के दावे का विरोध कर रहे हैं। लोगों ने इसको लेकर उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी और सीओ से मदद की गुहार लगायी है। इधर, पूर्व वार्ड आयुक्त छावनी परिषद के उपाध्यक्ष अनमोल सिंह ने भूखंड पर किए जा रहे कब्जे का विरोध किया।

## सरकार की लचर व्यवस्था से पीडिएस दुकानदार व कार्डधारी बेबस: ओम प्रकाश

खबर मन्त्र संवाददाता



**इचाक।** पीडीएस दुकानों में झारखंड सरकार की लचर व्यवस्था के कारण राशन कार्ड धारी एवं दुकानदार काफी बेबस हैं। उक्त बातें भाजपा किसान मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश मेहता ने कही। श्री मेहता ने यह भी कहा कि सबसे पहले झारखंड सरकार द्वारा पीडीएस दुकानों में जो वेटिंग मशीन दिया गया है, वह 1 ग्राम कम और ना ही 1 ग्राम अधिक एक्सेप्ट करता है। रही बात कार्ड धारियों का अंगूठा लगाने की तो प्रत्येक माह की चावल के लिए दो बार एवं गेहूं के लिए दो बार, फिर नमक मिल रही है तो उसके लिए भी अंगूठा लगानी पड़ रही है। इसके अलावा एक्स्ट्रा राशन के लिए भी चावल के लिए दो बार और गेहूं के लिए भी दो बार राशन कार्ड धारियों को अंगूठा लगानी पड़ रही है। मिलाजुला कर एक कार्ड धारी को एक माह का राशन उठाने के लिए 8 से 10 बार अंगूठा लगाना पड़ रहा है। जिससे कार्ड धारी के साथ-साथ जन वितरण प्रणाली के दुकानदार भी काफी परेशान हैं। और परेशानी का जो सबसे बड़ा कारण मशीन चलाने के लिए उपलब्ध सरवर यानी नेटवर्क का भी है। झारखंड सरकार द्वारा जो नेट की व्यवस्था की गई है। वह वर्तमान समय में 2जी है। जिससे नेटवर्क का काफी प्रॉब्लम है। यही 2जी के जगह पर अगर 4जी हो जाती तो शायद सर्वर का इतना प्रॉब्लम नहीं होता। सरवर का खामियाजा यहां के कार्ड धारियों एवं दुकानदारों को भी भुगतना पड़ रहा है। 1 दिन में कोई भी दुकानदार अगर बहुत मेहनत करता है तो 10 से 12 कार्ड धारियों को राशन दे पाता है। दिन दिन भर कार्ड धारी इंतजार करते रहते हैं। लेकिन पता चलता है कि शाम तक भी राशन उठा नहीं पाते हैं और खाली हाथ घर वापस लौटना पड़ता है। उन्होंने पीडिएस दुकानों की लचर व्यवस्था को सुधारने एवं सरवर के लिए 2जी के जगह 4जी लाने की मांग झारखंड सरकार से की है। ताकि पीडीएस दुकानदारों के साथ-साथ राशन कार्ड धारियों को परेशानी का सामना ना करना पड़े।

## भाजपाइयों ने अंबा प्रसाद एवं कांग्रेस पार्टी के कार्यशैली पर उठाया सवाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरनुडा (रामगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी के भदानी नगर एवं भुरकुंडा मंडल की एक संयुक्त आपात बैठक बिरसा चौक स्थित योगेश कुमार दांगी के आवासीय कार्यालय सम्पन्न हुई। बैठक में मतकमा चौक से चुटुपालू तक बनने वाली सड़क के शिलान्यास कार्यक्रम में कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद एवं कांग्रेस पार्टी के कार्यशैली का विरोध किया गया । इसकी मुख्य वजह यह है कि वहां लगे शिलापट्ट पर सांसद का नाम तो लिखा हुआ है परंतु सांसद या सांसद के कार्यालय को इसकी सूचना नही दी गई । इस शिलापट्ट को देखकर जब जानकारी जुटाई गई तो जानकारी मिली की आज के सड़क के शिलान्यास का कार्यक्रम सरकारी कार्यक्रम नही है । इस कार्यक्रम का आयोजन अंबा प्रसाद नें सिर्फ स्वयं को श्रेय देने के लिए किया है । ताकी क्षेत्र की भोली-भाली जनता को गुमराह किया जा सके । अंबा प्रसाद मुगालते में हैं यहां की जनता बेवकूफ है इस क्षेत्र की जनता को सब पता है की सड़क को धरातल पर लाने में सांसद का कितना श्रेयस्कर योगदान रहा है । सांसद जयंत सिन्हा का शुरू से ही विचार रहा है की श्रेय जिनको लेना है वो लें परंतु इस क्षेत्र की यह बहुप्रतीक्षित सड़क बननी चहिए क्योंकि इस सड़क की दुर्दशा के कारण यहाँ की जनता लम्बे समय से काफी कष्ट सहना पड़ा है । हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्त्ता कभी भी विकास के विरोधी नही रहे हैं । हमसब इस सड़क के निर्माण और इसके शिलान्याश के विरोधी नही हैं हमारा विरोध केवल और केवल कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद एवं कांग्रेस की कार्यशैली से है । बैठक में अध्यक्ष सुरेंद्र करमाली एवं संचालन भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, सांसद प्रतिनिधी नारायण चंद्र भौमिक, सुमन सिंह, योगेश दांगी एवं अन्य शामिल थें।

## राजकीय पॉलिटेक्निक, भवन निर्माण को लेकर आमसभा आयोजित



**बरही।** प्रखंड अंतर्गत बसरिया पंचायत के कोलंगा गांव के 10 एकड़ गैरमजरूआ भूमि पर राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय का निर्माण होना है। जिसके बाबत बसरिया पंचायत भवन में स्थानीय मुखिया नीलम देवी की अध्यक्षता में एक ग्राम सभा आयोजित हुई। ग्रामसभा में विभागीय पदाधिकारी, बरही के प्रशासनिक पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। आम सभा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग झारखंड सरकार के अवर संविदा पत्रांक एवं विभागीय पत्रांक के संदर्भ के आधार पर हुई। जिसमें कोलांगा मौजा के खाता नंबर 18, 19 में 10 एकड़ भूमि कॉलेज के लिए देने की सहमति बनी। आम सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रस्तावित भूमि का स्थानांतरण सभी के सहमति से कर देना है, पॉलिटेक्निक कॉलेज बनाने के पश्चात सरकारी अधिकारियों की तरह स्थानीय लोगो को भी रोजगार व प्रतिष्ठा प्राप्त हो। उपरोक्त शर्तो के साथ यह सहमति दी गई।

# सीसीएल कर्मचारियों के 31 सूत्री मांगो को लेकर आरकेएमयू ने दिया धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**रजरप्पा।** रजरप्पा कोयलांचल स्थित महाप्रबंधक कार्यालय गेट के समक्ष सोमवार को सीसीएल रजरप्पा वाशरी परियोजना में कार्यरत ठेका मजदूरों के 12 सूत्री व सीसीएल कर्मचारियों के 31 सूत्री मांगो को लेकर राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन ने तीन दिवसीय धरना दिया एवं प्रदर्शन किया। धरना के बाद यूनियन ने महाप्रबंधक को 31 सूत्री मांगपत्र सौंपा। धरने को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय सचिव रमेश विश्वकर्मा ने कहा कि मांगे नही मानी जाती है तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

**मुख्य मांगे**

ठेका मजदूरों को महिनों का बकाया मजदूरी भुगतान करने, सुरक्षात्मक उपकरण उपलब्ध कराने, परिचय पत्र देने, फार्म-बी में विवरण दर्ज करने, इपीएफ/सीएमपीएफ खाता खोलने, नित्य की हाजरी विहित पंजी में दर्ज करने, कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा तय दर पर मजदूरी का भुगतान करने, मजदूरी दर का बोड लगाने व संवेदनशील व अतिसंवेदनशील जगहों में तीन वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों व अधिकारियों को हटाने, सीसीएल कर्मचारियों को स्मार्ट कार्ड में परिचय पत्र बनाने, कर्मचारियों के आवासों में लगे वर्षों पुराने छत के पंखों को बदलने, सीपीआरएमएस मद में कटौती की गई चालिस हजार रुपए का प्रमाण पत्र देने, कर्मचारियों को सीएमपीएफ में जमा राशि का पर्ची देने, क्षेत्र व शाखा स्तर के सभी समितियों की नियमित बैठक करने, कर्मचारियों के आवासों में शुद्ध पीने योग्य पानी आपूर्ति करने, कर्मचारियों को ना लाभ ना हानि के तहत कैंटीन की सुविधा देने, सरप्लस घोषित 130 आवासों का शत प्रतिशत आवंटन करने, जिन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सभी प्रकार की राशि का भुगतान किया जा चुका है उनसे शीघ्र आवास खाली कराने सहित 31 सूत्री मांगें शामिल हैं।


धरने को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय सचिव रमेश विश्वकर्मा

### बाल दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**बड़कागांव।** बड़कागांव ठाकुर मुहल्ला रोड़ स्थित बीएम मेमोरियल स्कूल में बाल दिवस के उपलक्ष्य पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसकी अध्यक्षता प्राचार्य कैलाश कुमार व संचालन शिक्षक पिंटू कुशवाहा ने किया। खेल कूद प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से दसवीं के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें 100 मीटर की दौड़, कुर्सी रेस, सुई धागा,बिस्कुट रेंस,बोरा पहन कर रेंस एवं फुटबॉल प्रतियोगिता किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने बहुत ही बढ़िया खेल का प्रदर्शन किया। मौके पर निर्देशक संदीप कुशवाहा ने कहा की बच्चे कल के भविष्य हैं,जो बच्चे जितना मेहनत करेंगे उतनी ही उनमें निखार आएगी।

## खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चला रही सरकार: अंबा प्रसाद

खबर मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड के शिवाडीह खेल मैदान में स्व. सुनील प्रसाद का 5वां फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद ने कीक मार कर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस दौरान विधायक ने मैदान में लगे - मास्क लाइट एवं जल मीनार का उद्घाटन किया। फाइनल मैच पिपराडीह एवं उरेज फुटबॉल टीम के बीच खेली गई। जिसमें 1-0 से उरेज की टीम जीत हासिल कर खिताब पर कब्जा जमाया। विजय टीम को 21000 व सील्ड, उप विजेता को 15000 व सील्ड तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 7500 व सिल्ड देकर मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों के हाथों खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र - के विकास के लिए निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं। महागठबंधन की सरकार खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चला रही हैं। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद, विशिष्ट अतिथि माइनिंग इंस्पेक्टर सुनील कुमार, प्रमुख फुलवा देवी, जिप सदस्य यासमीन निशा, जिप सदस्य सुनीता देवी, मुखिया सुलेखा कुमारी,मुखिया रंजीत कुमार एवं अन्य मौजूद थें।


मैच का आनंद लेती विधायक व अन्य

स्पीड न्यूज

## नशे में धूत वृद्ध की कुएं में गिरने से मौत

**डुमरी।** डुमरी थाना क्षेत्र के बेलगांव निवासी 65 वर्षीय नजरियुस लकड़ा की मौत कुएं में गिरने से हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना डुमरी थाना प्रभारी मनीष कुमार को दी। थाना प्रभारी दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से शव को कुएं से निकाला। उसके बाद यूडी केश दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया गया।

## गरीबों के बीच कंबल का वितरण

**गुमला।** मिशन बदलाव सदस्य सह खरका मुखिया अनुराग उरांव ने सोमवार को कई बुजुर्गों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर श्री उरांव ने कहा कि ठंड में गरीबों का सेवा पुण्य का कार्य है। हम सभी युवाओं को गरीबों की सेवा के लिए आगे आने की जरूरत है।

## करंट की चपेट में आने से नाबालिग की मौत

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र के कुम्हरिया अंबाटोली में सोमवार की सुबह पांच बजे करंट की चपेट में आने से अंबाटोली निवासी स्वर्गीय अमानत अंसारी की पुत्री फरजाना खातून (17 वर्ष) की मौत हो गई। जिसकी सूचना मिलते ही भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने अग्रतर कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

## दो फरार दुष्कर्मी को भेजा गया जेल

**चैनपुर।** चैनपुर थाना पुलिस ने दो वारंटियो को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार लोगो में अभियुक्तों में रोबर्ट एक्का ग्राम टोंगो का रहने वाला है जो लूट एवं बलात्कार कांड में नामजद आरोपी है। जिसे घर से गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरा आरोपी राजेश नायक पिता स्व मनीर नायक ग्राम छतरपुर है। जिसके खिलाफ चैनपुर थाना में बलात्कार के आरोप में कांड संख्या 48/15 दर्ज है। इस मामले पर इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने बताया कि दोनों आरोपी पर मामला दर्ज होने के बाद से फरार चल रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर पता चलने के बाद दोनों आरोपियो को उनके घर से गिरफ्तार कर गुमला जेल भेज दिया गया है।

## तीन किलो गांजा जब्त, चालक व खलासी हिरासत में

**घाघरा।** घाघरा थाना के समीप पुलिस ने रश्मि नामक बस को गांजा ले जाते सोमवार को पकड़ा। इस क्रम में बस चालक और खलासी को पुलिस ने हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार रश्मि नामक बस उड़ीसा राज्य के राउरकेला से सासाराम डेहरी जा रही थी। घाघरा पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त बस में गांजा लादकर तस्करी किया जा रहा है। जिसके बाद थानेदार अमित कुमार चौधरी ने थाना के मुख्य द्वार पर उक्त बस को रोककर छानबीन किया। जिसमें लगभग 3 किलो गांजा बरामद किया गया है। इस संबंध में ड्राइवर व खलासी से पूछने पर उन्होंने बताया कि राउरकेला बस स्टैंड में एक व्यक्ति आया और गांजा देते हुए कहा कि इसे डेहरी में मेरा आदमी ले लेगा।

# बाल दिवस के अवसर पर विद्यालयों में कार्यक्रम का किया गया आयोजन

### बच्चों द्वारा स्टॉल



कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

**कैरो।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मोत्सव के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय स्थित हैवेन पब्लिक स्कूल में बाल दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उप प्रमुख मधुलिका रानी अवस्थित होकर अलग अलग प्रदर्शन में प्रथम,द्वितीय, तृतीय व सांत्वना पुरस्कार देते हुए कहा कि आज के समय मे एक अच्छी विद्यालय में ही अच्छी पढ़ाई व संस्कार मिल सकता है, आज के दिन ही देश के पहले प्रधानमंत्री का जन्म हुआ था और बच्चों से जुड़ाव के वजह से बालदिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम में देश की मशहूर जादूगर द्वारा मुंह रेजर निकलना, कबूतर बनाना, मिठाई बनाना, कबूतर बनाकर दिखाया गया जिसपर बच्चो ने खूब तालियां बजाई। मौके पर बच्चों द्वारा स्टोल लगाकर गुपचुप, कॉफी, चोमिन का दुकान भी सजाया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी शरत कुमार विद्यार्थी, डायरेक्टर अफरोज खान, प्रिंसिपल, शिक्षक व अभिभावक मौजूद थे।

# बच्चे हर क्षेत्र में आगे रहे ऐसा उन्हें प्रेरित किया जाए: सिस्टर रेजिना

### संत अन्ना मध्य विद्यालय में बुलबुल दीक्षा समारोह का किया गया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती सोमवार को सरकारी व गैर सरकारी शैक्षिक संस्थानों में बाल दिवस के रूप में मनायी गयी। इस अवसर पर चैनपुर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से शिक्षकों व बच्चों का मन मोह लिया। इस अवसर पर चैनपुर के संत अन्ना मध्य विद्यालय में बुलबुल दीक्षा समारोह आयोजित कर बाल दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि सिस्टर रेजिना द्वारा दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। सिस्टर रेजिना ने कहा चाचा नेहरू को याद करते हुए बच्चों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। कार्यक्रम में मंच संचालन रजनी किरण तिर्की ने की। मौके पर मुख्य रूप से सिस्टर ललिता सोरेग , सिस्टर कैतरीन मिंज, सिस्टर मिलरेज एक्का, सिस्टर ब्यूटी हेमरोम, अंशुमाला कुजूर बेदिकता मिंज बिनोद खलखो, अमरोस तिग्गा, अलेक्सिया एक्का, रीता एक्का, रोजालियो टोप्पो, स्टेफी खलखो उपस्थित थे। वहीं चैनपुर प्रखंड कार्यालय में सोमवार को देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई गई। इस दौरान जिप सदस्य मेरी लकड़ा, चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर शिशिर कुमार सिंह, अंचलाधिकारी गौतम कुमार ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण की। और उन्हें याद किया। इस दौरान विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चे को बिस्कुट और चॉकलेट दी गई।


दीक्षा समारोह में शामिल बुलबुल की बच्चियां

# आधुनिक भारत का निमार्ता है पंडित नेहरू : सुखैर भगत


कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में देश के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु की जयंती समारोह आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी जिलाध्यक्ष सुखैर भगत ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। तत्पश्चात एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए कार्यकारी जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि पंडित नेहरू भारत के ऐतिहासिक महापुरुष थे।जिनका प्रभाव पूरे विश्व में था। स्वतंत्रता आंदोलन में गांधीजी से प्रभावित होकर उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई, चाहे वह असहयोग आंदोलन हो या नमक सत्याग्रह आंदोलन हो किसानों को संगठित कर किसान मोर्चा का गठन हो या 1942 का असहयोग आंदोलन। पंडित नेहरू ने साइमन कमीशन का भी जबरदस्त विरोध किया था नतीजा में उन्हें लाठी भी खानी पड़ी थी ,आजादी की लड़ाई में पंडित नेहरू का 9 बार जेल जाना और एक लंबा अंतराल जेल में गुजारना हम कांग्रेसियों के लिए प्रेरणादायक है। सन 1947 में बिखरे हुए भारत को एक राष्ट्र एक संविधान को मूर्त रूप देने में पंडित नेहरू का योगदान अग्रणी रहा है।स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री बनने का भी उन्हें गौरव प्राप्त हुआ तकरीबन 17 वर्षों तक प्रधानमंत्री के रूप में देश का नेतृत्व किया।

इस दौरान आर्थिक रूप से काफी पिछड़े देश को गरीबी भुखमरी अशिक्षा और बेरोजगारी से निजात दिलाने के लिए अभूतपूर्व कार्य किए इसीलिए पंडित नेहरू को आधुनिक भारत का निमार्ता भी कहा जाता है। इन्हीं के कार्यकाल में औद्योगिक क्रांति हुई देश के अंदर बड़े-बड़े कल कारखाने और सिंचाई के लिए बड़े-बड़े डैम का निर्माण हुआ।

## सभी मिल कर बच्चों की सुरक्षा का लें प्रण : मनोरमा एक्का

**लोहरदगा।** होप संस्था द्वारा सोमवार को बाल दिवस मनाया गया।इस बाल दिवस के अवसर पर होप द्वारा जिले के पाखर, खरकी, भवरों, तोराड,सेन्हा जमगाई आदि कई पंचायतों में बाल शोषण, बाल व्यपार, बाल अधिकार, चाइल्ड हेल्प लाईन आदि पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। होप की मैनेजिंग ट्रस्टी मनोरमा एक्का ने सम्बोधित करते हुए सभी की सुरक्षा के लिए साथ मिल कर अगुवाई करने की बात कही। पर्यावरण के मुद्दे को भी गंभीर समस्या बताते हुए पेड़ लगा कर इसके बचाव की बात कही। मौके पर विभिन्न पंचायतों में अरविंद वर्मा, खुशीर्दा आरा बेगम,पुष्पा उरांव, उषा उरांव, सरिता एक्का, सरस्वती गोप आदि ने भाग लिया।


बच्चो को संबोधित करती मनोरमा एक्का

## बच्चों का जितना बेहतर देखभाल होगा राष्ट्र का उतना ही अच्छा निर्माण होगा: सुमित

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिलम रायडीह में सोमवार कों बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुमित कुमार नंद ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की 14 नवंबर भारत के प्रथम प्रधानमंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिवस है। उन्होंने अपना जन्मदिन बच्चों को समर्पित कर दिया। क्योंकि वह बच्चों से बहुत प्यार और स्नेह करते थे और बच्चे भी उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहते थे। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बच्चों को बतलाया की पंडित नेहरू कहा करते थे आज के बच्चे कल के भारत का निर्माण करेंगे। बच्चे ही इस देश के भविष्य हैं इसलिए यह जरूरी है कि उनकी शिक्षा एवं कल्याण पर विशेष ध्यान दिया जाए। हम जितना बेहतर तरीके से बच्चों का देखभाल करेंगे राष्ट्र निर्माण भी उतना ही बेहतर होगा। आप सभी बच्चे राष्ट्र की बहुमूल्य संपत्ति होने के साथ-साथ भविष्य और कल की उम्मीद है। इस अवसर पर विद्यालय में कई तरह की प्रतियोगिता यथा निबंध, गायन, चित्रकला, क्विज का संचालन किया गया। साथ ही विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष श्री चुमनू उरांव सदस्य श्री मांगू उरांव, उपाध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति श्रीमती संगीता देवी, बीएड प्रशिक्षुओं एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक सुनील कुमार, राशि मनी कुजूर, उसुर्ला एक्का, धनेश्वर खड़िया, शांति प्रकाश, भलेरिया तिर्की, पद्मिनी कुमारी, नेहा मोनिका, संजीव कुमार श्रीवास्तव, सहित बी एड के 15 प्रशिक्षु शिक्षक उपस्थित थे।


छात्र को पुरस्कृत करते शिक्षक

## नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पण कर किया गया


कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री जवहार लाल नेहरू को श्रद्धांजलि देते बच्चे

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला शहर के लोहरदगा रोड स्थित बचपन प्ले स्कूल में सोमवार को बाल दिवस और बिरसा मुंडा जयंती धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों और शिक्षिकाओं के द्वारा अमर शहीद बिरसा मुंडा और भारत के प्रथम प्रधान मंत्री जवाहर लाल नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पण कर किया गया। जिसके बाद शिक्षिका कुमारी जानकी ने बच्चों को जवाहरलाल नेहरू और अमर शहीद बिरसा मुंडा के जीवन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

### किशोर स्वास्थ्य कल्याण दिवस आयोजन

**डुमरी।** स्वास्थ्य विभाग एवं सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को हाई स्कूल सुवाली में किशोर स्वास्थ्य कल्याण दिवस का आयोजन किया गया। सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के प्रखंड समन्वयक मुकेश उरांव ने कार्यक्रम के उद्देशयों के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से किशोरों में स्वस्थ्य के प्रति जागरूकता लाना है।

### कई कार्यक्रम का आयोजन

**घाघरा।** सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी मकरा घाघरा में बाल दिवस सह झारखंड स्थापना दिवस कार्यक्रम सोमवार को मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से विद्यालय के सचिव श्रीमती अंकिता श्री ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे ही देश के भविष्य होते हैं। किसी भी राष्ट्र की शक्ति बच्चों में ही निहित होती है।

## दुर्घटना से एक की मौत, एक घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** थाना क्षेत्र के नागफनी के समीप हाइवा व पिकअप वाहन की आमने-सामने की भिड़ंत में हाइवा चालक की दर्दनाक मौत हो गई जबकि पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार घटना रविवार की शाम लगभग 6:00 बजे की है। गुमला से पलमा तक चल रहे फोरलेन सड़क निर्माण कार्य में लगे हाईवा की टक्कर रांची से आ रहे पिकअप वाहन से आमने सामने हो गई। इस घटना में दोनों वाहनों के वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दुर्घटना के बाद हाईवा अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी। घटना की जानकारी देते हुए स्थानीय युवक ने बताया कि पिकअप रांची से गुमला की ओर आ रही थी। वहीं गुमला से रांची की ओर जा रही हाईवा से भिड़ंत हो गई। जिसमें छत्तीसगढ़ बलरामपुर निवासी 24 वर्षीय सलमान शाह पिकअप में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया है। वहीं डॉक्टर ने बताया कि युवक की स्थिति गंभीर है सर में गंभीर चोट लगी है। जिसे रांची रेफर किया गया। वहीं हाईवा चालक रामकिशन उरांव को सिसई रेफरल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

### छात्रों को दिया गया कोविड 19 का वैक्सीन

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड में मोमेंटम रूटीन इम्यूनाइजेशन कार्यक्रम के तहत इंडियन सोसायटी ऑफ एग्री बिजनेस प्रोफेशनल दिल्ली के द्वारा बाल दिवस के मौके लूथेरान प्राथमिक विद्यालय आरंगी विद्यालय के प्रांगण में छात्रों हेतु स्पेशल कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। टीकाकरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ विष्णु देव कच्छप शामिल हुए। बाल दिवस पर विशेष कोविड टीकाकरण शिविर में पहला 16 डोज, दूसरी 23 एवं 33 को टीका की तीसरी डोज दी गयी।






# बाजार समिति गुमला का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

### समुचित विकास को लेकर अधीनस्थों को दिया निर्देश


बाजार समिति में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण करते उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने सोमवार को बाजार समिति परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बाजार समिति के रोड में अच्छे क्वालिटी के पेवर्स ब्लॉक लगाने, सोलर रूफ टॉप लाइट लगवाने आदि का निर्देश देते हुए प्रस्ताव की मांग की। उपायुक्त ने शनिवार से पूर्व बाजार समिति के चारों ओर बाउंड्री की मापी करवाते हुए बाउंड्री निर्माण कार्य प्रारंभ करवाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने बाजार समिति में बने रागी प्रोसेसिंग सेंटर का भी निरीक्षण किया एवं रागी मिशन अंतर्गत कार्य करने वाले जेएसएलपीएस की महिलाओं से भी मुलाकात की। साथ ही उनके द्वारा रागी प्रोसेसिंग में किस प्रकार से कार्य किए जाने हैं उस विषय में भी जानकारी ली। उन्होंने रागी से आटा बनाने के पूरे प्रोसेस को सावधानी पूर्वक करने की बात कही। साथ ही मशीन खरीदने तथा मशीन के उपयोग को सीखने हेतु सखी मंडल की महिलाओं को इसकी जिम्मेदारी दी। इस दौरान उन्होंने पुराने गोडाउन का भी निरीक्षण किया।

### चार महिला मंडल को छः लाख रूपये का चेक

**घाघरा।** घाघरा प्रखण्ड के आरंगी गांव में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप शामिल हुए। कैम्प में जेएसएलपीएस के तहत 4 महिला मंडल को 6,00,000/-(छः लाख रुपए) सीसीएल, 50 जरूरतमंद को कम्बल, 10 परिवारों को जॉब कार्ड, 14 बालिकाओं को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का स्वीकृति पत्र, 17 पीपीओ तत्काल स्वीकृत कर वितरण किया गया।

### मसमानो मे 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित

**भंडरा।** झारखंड की महत्वाकांक्षी 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम सोमवार को मसमानो पंचायत के सोमवार बाजार टाड़ में आयोजित की गई। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिला आपूर्ति पदाधिकारी अमित बेसरा, प्रमुख बरिया देवी, बीडीओ रंजीत सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि मिट्टू उरांव ने दीप प्रज्वलित कर इसका शुभारंभ किया।

स्पीड न्यूज

## बाल दिवस पर विवेकानंद कॉन्वेंट में विविध कार्यक्रम आयोजित

**कोडरमा।** चेचाई, चाराडीह स्थित विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में बाल दिवस के शुभ अवसर पर संगोष्ठी आयोजित कर बच्चों को बाल दिवस की गरिमा व महत्ता को बताया गया। बच्चों को जीवन के विभिन्न पहलुओं व सफलता की कड़ियों से अवगत कराया गया। ततपश्चात बच्चों के बीच चॉकलेट रेस, बिस्किट रेस, लंगडी दौड़, फ्रॉग रेस, सौ मीटर रेस, दो सौ मीटर रेस, खो-खो एवं कबड्डी आदि खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों बच्चों ने अव्वल प्रदर्शन कर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान को प्राप्त कर अपनी प्रतिभा को दिखाया। सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर निदेशक अनिल कुमार, सह निदेशिका खुशबू गुप्ता, शिक्षक राहत अली, शिवानी पाठक एव, मधुलिका गुप्ता आदि मौजूद थे।

## शिक्षकों का शिक्षक अधिगम सामग्री आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड संसाधन केंद्र में अरविंदो सोसाइटी के द्वारा विगत वर्षों से शिक्षा शून्य निवेश में नवाचार विषय पर अरविंदो सोसाइटी की तरफ से परियोजना आधारित अधिगम पर सोमवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक भाग लिए। जिला से आए ट्रेनर नारायण सिंह के द्वारा विभिन्न बातों पर चर्चा किए। बच्चों को 21वीं सदी कौशल के साथ जोड़ना ताकि बच्चों की सर्वागीण विकास हो सके, बच्चों को आलोचनात्मक शिक्षण, तार्किक क्षमता, लीडरशिप क्वालिटी, भावनात्मक विकास, शारीरिक विकास तथा बौद्धिक विकास को बढ़ाना ही उद्देश्य हैं। ट्रेनिंग में एनसीएफ-2005 राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं एक पाठ्यक्रम पर चर्चा परिचर्चा हुई। मौके पर विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक मौजूद थे। प्रखंड संसाधन केंद्र से प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शेख शकील अहमद, बीपीओ अशोक कुमार उपाध्याय, समावेशी शिक्षक उमेश कुमार यादव, संकुल संसाधन सेवी सज्जाद आलम, प्रखंड साधन सेवी संतोष कुमार मौजूद थे।

## प्ले स्कूल में बाल दिवस पर बच्चों की प्रस्तुति ने मन मोहा

**कोडरमा।** सहाना रोड स्थित कोडरमा बचपन प्ले स्कूल में बाल दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। वहीं बच्चों ने रंग भरो प्रतियोगिता और ओपन डांस प्रतियोगिता में भाग लिया। वहीं विद्यालय की निदेशक मधु कुमारी ने चाचा नेहरू के बारे में बताया और बच्चों को प्रेरित किया। मौके पर विशेष तौर पर पहुंची विधि महाविद्यालय की व्याख्याता प्रो राखी भदानी और नीलम कुमारी ने बच्चों की प्रस्तुति को खूब सराहा। उन्होंने सभी बच्चों को पुरस्कृत किया और शुभकामनाएं दी। स्कूल की प्राचार्या श्वेता सरकार ने भी बच्चों को प्रोत्साहित किया। आयोजन को सफल बनाने में स्कूल टीचर सपना, स्नेहा के अलावा विकास और असगर की भूमिका रही। वहीं बच्चों में श्रद्धा पांडेय, तक्ष गंजू, अनन्या कुमारी युवराज, आदित्य बल्लभ, रेयांश पांडेय, सनिश कुमार राज, हृदयांश कृष्णा, अफान नजम, शौर्य, महेश्वरी, आराध्या वर्मा, सक्षम कुमार ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## वाणी कम्प्यूटर सेंटर में मनाया गया, बाल दिवस

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय स्थित जयनगर रोड में अवस्थित वाणी कम्प्यूटर सेंटर में देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की जयंती के मौके पर बाल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के निदेशक सतीश कुमार यादव पण्डित नेहरू के तस्वीर पर माल्यार्पण कर, उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान निदेशक ने संस्थान में ब्रांडबैंड की सुविधा का उदघाटन किया और कहा कि ब्रांडबैंड की सुविधा उपलब्ध होने से संस्थान के छात्र छात्राओं को ऑनलाइन से जुड़ी सुविधाओं का लाभ उठा पाएंगे। इस दौरान छात्र छात्राओं के बीच विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और सफल प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

### स्वास्थ्य कर्मियों पर कार्रवाई नहीं होने से नाराज आजसू कार्यकर्ताओ में आक्रोश

# चक्का जाम व तालाबंदी की चेतावनी

खबर मन्त्र संवाददाता




**सिमरिया।** सिमरिया रेफरल अस्पताल में ऑक्सीजन सिलेंडर रहते मरीज को ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं कराने के कारण सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दोषियों के विरुद्ध अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। विभाग के वरीय पदाधिकारियों के इस गैर जिम्मेदाराना रवैया से सिमरिया वासियों में आक्रोश है। कारवाई में मामले में विभाग द्वारा की गई लीपापोती से क्षुब्द आजसू नेता (सिमरिया विधानसभा प्रभारी) मनोज कुमार चंद्रा आंदोलन का योजना बना रहे है। आजसू नेता ने बताया कि अगर 48 घंटे के अंदर दोषी चिकित्सा प्रभारी अशोक करमाली, स्टोर कीपर संजीव सिन्हा और एंबुलेंस चालक मो. मिन्हाज पर कार्रवाई नहीं हुई और उन्हे प्रभार से हटाया नहीं गया तो सिमरिया चौक को ना सिर्फ जाम किया जाएगा बल्कि अस्पताल के कार्यालय में भी तालेबंदी की जाएगी। बताते चले की 1 नवंबर की देर रात रोल गांव के समीप हुए सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल हो गए थे।

जिसमें एक युवक की मौत घटना स्थल पर हीं हो गई। जबकि एक को उपचार के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया। परंतु ऑक्सीजन सिलेंडर रहने के बावजूद चिकित्सा प्रभारी एवं स्टोर कीपर ने मरीज को ऑक्सीजन नही दिया। यहां तक कि लापरवाह स्टोर कीपर ने यह कह दिया कि ऑक्सीजन सिलेंडर है ही नहीं। ऐसे में घायल व्यक्ति की मौत रिम्स ले जाने के दौरान रास्ते में हो गई। विभागीय अधिकारियों और कर्मियों की लापरवाही से क्षुब्ध सिमरिया की जनता और आजसू नेता ने उग्र आंदोलन किया। आनन फानन में मामले की जांच के लिए जिला मुख्यालय से सदर अस्पताल के उपाधीक्षक को भेजा गया, जांच के क्रम में स्टोर में 36 ऑक्सीजन सिलेंडर भरे पाए गए। जबकि चिकित्सा प्रभारी और स्टोर कीपर दोनों अस्पताल से गायब पाए गए। जांचों उपरांत विभागीय कार्रवाई करने के आश्वासन आंदोलनकारियों को दिया गया। लेकिन 11 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक किसी के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई। यहां तक कि अपने पदो पर यासीन उपरोक्त दोषी अधिकारी और कर्मी आंदोलनकारियों के हीं औकात बताते फिर रहे हैं। अब जब विभागीय कार्रवाई नहीं होने के बाद आजसू पार्टी एवं सिमरिया के जनता चक्का जाम के साथ-साथ अस्पताल कार्यालय में तालाबंदी करती है तो इसके सारा जवाबदेही स्वास्थ्य विभाग के वरीय पदाधिकारियों से लेकर जिला प्रशासन की होगी।

## सनसाइन एजुकेशन एकेडमी में धूमधाम से मना बाल दिवस




खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** सनसाइन एजुकेशन एकेडमी में सोमवार को बाल दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर और सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस दौरान फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, नाटक आदि कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में आज के दुर्घटनाओं और मीडिया के प्रभाव पर आधारित नाटकों ने लोगों के मन को मोह लिया। प्रस्तुत नाटक नवम वर्ग के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। वर्ग छह, सप्तम, अष्टम और नवम वर्ग की छात्र-छात्राओं के द्वारा कई आकर्षक भाव-नृत्य प्रस्तुत किए गए। वहीं कार्यक्रमों के बीच विद्यालय में मासिक टेस्ट परीक्षा और गणित दौड़, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण भी किया गया। विद्यालय के उप प्राचार्य कन्हैयालाल और निदेशक पंकज कुमार कंधवे ने संयुक्त रूप से मंच संचालन किया।

वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने विद्यालय के विकास का सारांश अपने भाषण के द्वारा प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाध्यापक महेश बर्णवाल, निदेशक पंकज कुमार कंधवे, प्रबंधक सुनील कुमार चक्रम, उप प्राचार्य कन्हैयालाल, वरिष्ठ शिक्षक राजकुमार मेहता, रूपा, नेहा, मुस्कान, लवली, कोमल एवं रितु ने अपना अहम योगदान दिया।

### बचपन प्ले स्कूल में बाल दिवस की धूम

## हमारे प्रयासों से ही चाचा नेहरू के सपनों के राष्ट्र का निर्माण होगा : प्राचार्या

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** गुमो स्थित बचपन प्ले स्कूल अ-यूनिट ऑफ ग्रिजली पब्लिक स्कूल के प्रांगण में चाचा नेहरू के प्रति सम्मान और बच्चों के लिए स्नेह और दुलार प्रदर्शित करने के लिये बाल दिवस बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अनोखे अंदाज में प्रार्थना सभा से की गयी, जिसमें बच्चों की जगह शिक्षक और शिक्षिकाओं ने भागीदारी निभायी जो बच्चों को बहुत ही रोमांचकारी लगा। तत् पश्चात् प्रधानाचार्या एवं संयोजिकाओं ने चाचा नेहरू की प्रतिमा में माल्यार्पण किया और बच्चों के द्वारा केक कटिंग का कार्यक्रम हुआ। बच्चों को चाचा नेहरू के पत्र का एक ऑडियो भी सुनाया गया, जिसमें नेहरू जी ने अपनी मन की बात बच्चों से कही है। इसके पश्चात् शिक्षिकाओं ने अपनी-अपनी कक्षाओं में नृत्य, गीत, कविता, कहानी, और चुटकुलों के माध्यम से मनोरंजन करवाया और चकलेट और केक भी वितरित किया। वहीं प्रधार्या श्रीमती नीरजा ने बच्चों को बाल दिवस की बधाई देते हुए कही की आज के बच्चे कल का भविष्य हैं। हम जितनी अच्छी तरह से बच्चों की देखभाल करेंगे, राष्ट्र निर्माण भी उतना ही बेहतर होगा। मौके पर अनीता कुमारी, अर्चना चंदन, पूजा झा, मारिया मंडल, षिक्षिका श्वेता अग्रवाल, सूरज, रष्मि सूद, संजू कुमारी, सोनी गुप्ता, सदफ नाज, गुरजीत कौर, दिषा सोनी, नेहा कुमारी, संगीता कुमारी, मनीषा कुमारी, दिव्याली कुमारी, नेहालाल, प्रियम, बीषा, ईषिका, श्रुति, पूनम तेजपाल, सोनाली कुमारी, अमिषा कुमारी, सीमा पंडित, सुनीता कुमारी, सुप्रिया कुमारी, अंजली सलूजा की भूमिका सराहनीय रही।

एक नजर में

## राज इंटरनेशनल स्कूल में बाल दिवस धूमधाम से मना

**कोडरमा।** राज इंटरनेशनल स्कूल में बाल दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने रंगारंग कार्यक्रम से बच्चों का भरपूर मनोरंजन किया, साथ ही यह संदेश दिया कि कोई भी कार्यक्रम हो शिक्षक किसी से कम नहीं हैं। इस मौके पर प्री प्राइमरी की तरफ से नित्या, श्रेया, प्रीति, रीना, इंदु, ज्योत्सना, मेनका और करिश्मा ने अपने ग्रुप डांस से सबका मन मोह लिया। वहीं अर्चना और अंकिता के डांस ने सबको जोश से भर दिया। कार्यक्रम का संचालन शिवानी व दीपा ने किया। वहीं विद्यालय के संचालक राम लखन सिंह ने सबका ध्यान चाचा नेहरू जी की विशेष बातों पर दिलाया और बच्चों को अच्छे नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। वहीं प्राचार्य संजीव कुमार मिश्रा ने सभी बच्चों को शुभकामना संदेश देकर अपना आशीर्वाद दिया एवं अभी शिक्षक और शिक्षिकाओं को बहुत ही अच्छे कार्यक्रम प्रस्तुति के लिए बधाई दी।

## स्कूली बच्चों के बीच पाठ्यसामग्री का वितरण

**कोडरमा।** जिला परिषद सदस्य महेंद्र प्रसाद यादव ने बाल दिवस के उपलक्ष्य पर सोमवार को नगर पंचायत कोडरमा के मरियमपुर स्थित सन्त मेरी स्कूल के छात्र छात्राओं के बीच कॉपी, कलम, बिस्कुट आदि का वितरण किया। इस दौरान श्री यादव ने बच्चों को पण्डित जवाहर लाल नेहरू की जीवनी के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। मौके पर प्रधानाध्यापिका आशा देवी, प्रियंका कुमारी, राजीव कुमार आदि मौजूद थे।

## बच्चों ने धूम मचाले कार्यक्रम मनाया

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** गांधी स्कूल रोड नटखट प्ले स्कूल में बच्चों ने जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन के अवसर केक काटकर बाल दिवस मनाया। वहीं स्कूल के डायरेक्टर मिथिलेश सिंह ने बताया कि बच्चों के प्रति नेहरू का प्रेम जगजाहिर है, इस कारण जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन को बच्चों के नाम समर्पित कर दिया गया है। पंडित नेहरू का जन्म 14 नवंबर को हुआ था, ऐसे में प्रत्येक वर्ष 14 नवंबर को भारत में बाल दिवस मनाया जाता है। वहीं स्कूल के बच्चे काफी उत्साहित थे। बच्चों के लिए तरह-तरह के रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें खुशी सिंह, ऋषि, करण कुमार, कांची सिंह और वेदांत कौशिक विनर के रूप में सम्मानित किया गया तथा और सभी बच्चों को स्कूल के शिक्षकों के द्वारा उन्हें गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

## स्कूली छात्र छात्राओं के बीच कोविड-19 टीकाकरण

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत कटिया परसाबाद में राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय में सोमवार को विद्यार्थियों को कोविड का पहला डोज व दूसरा डोज दिया गया। जिसमें 20 छात्र छात्राएं शामिल हुई। मौके पर नीरज कुमार सिंह, अवर्भ सोनी, बबीता कुमारी, मनोज कुमार पांडे, आलोक कुमार चौबे, योगेंद्र रविदास, पंकज पांडे आदि मौजूद थे।

## विद्यार्थियों के बीच निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड के आदर्श उच्च विद्यालय बाघमारा के विद्यार्थियों के बीच बाल दिवस के शुभ अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसका विषय नेहरू और भारत शीर्षक रखा गया था। इस अवसर पर वर्ग पंचम से लेकर दशम तक के विद्यार्थियों के बीच इंग्लिश एवं हिंदी में नेहरू के चारित्रिक चित्रण का वर्णन करना था, जिसमें विद्यार्थियों ने सुंदर लेखनी का परिचय देते हुए सर गर्वित शब्दों में निबंध लिखा। इस निबंध प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय आने वाले छात्रों को विद्यालय के द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दशरथन प्रसाद राणा ने कहा की इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभा बाहर निकलती है, उन्हें विद्यार्थियों को निर्देशित करते हुए कहा की आज के अवसर पर आप सभी शपथ लें की अपने आप को नेहरू के बताए गए पदचिन्हों पर चलने की कोशिश करेंगे।

# बाल दिवस व झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर कई स्कूलों में विज्ञान प्रदर्शनी व कार्यक्रमों का आयोजन

## कैरियर बनाने के रास्ते में बााएं आती हैं, घबराएं नहीं : कमांडेंट



प्रदर्शनी का अवलोकन करते कमांडेंट व निदेशक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के आरके पब्लिक स्कूल में सोमवार को बाल दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि सीआरपीएफ कमांडेंट आशीष झा व विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पाण्डेय ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके पश्चात् मुख्य अतिथि, निदेशक एवं उपस्थित गणमान्य लोगों ने पंडित जवाहर लाल नेहरु और मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान मुख्य अतिथि को विद्यालय के निदेशक ने पुष्प गुच्छ देकर व शल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कक्षा आठ की छात्रा खुशी व ग्रुप ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। मौके पर मुख्य अतिथि सीआरपीएफ कमांडेंट श्री झा ने कहा कि कैरियर बनाने के रास्ते में बाधाएं आती हैं लेकिन हमें घबराना नहीं बल्कि उनका सामना करना चाहिए। उन्होंने बच्चों के समक्ष मिसाईल मैन एपीजे अब्दुल कलाम और एमएस धौनी का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि कौन कहता है कि आसमां में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालों यारों। उन्होंने बच्चों के द्वारा प्रस्तुत उत्ष्ट विज्ञान प्रदर्शनी की भी भूरी भूरी प्रशंसा की। निदेशक श्री पांडेय ने अपने स्कूल के उत्तरोतर विकास और उपलब्धि की चर्चा करते हुए अभिभावकों से स्कूल द्वारा दिए गये दिशा-निर्देशों पर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को मोबाईल, बाइक और पैसों से दूर रखें। उन्होंने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### भाषण व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**गढ़वा।** अवाराज देवी ट्रस्ट द्वारा संचालित एआरडी पब्लिक स्कूल में सोमवार को बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक पीके दुबे व प्राचार्या अणिमा पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर निदेशक श्री दुबे ने कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चों से अगधा प्रेम करते थे। इसलिए हम उनके जन्मदिन को आज बाल दिवस के रूप में मनाते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा उनके जन्मदिन को मनाना तभी साकार होगा जब बच्चे पढ़ लिखकर कुछ अच्छा करेंगे। क्योंकि उन्होंने अपने जन्मदिन को बच्चों के नाम समर्पित किया है। प्राचार्या ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय में बच्चों के बीच भाषण व पेंटिंग प्रतियोगिताएं का आयोजन किया गया।

# बच्चों ने मनाई खुशियां, पेन, टॉफी व सामग्रियों का हुआ वितरण

## बाल दिवस व झारखंड स्थापना दिवस मना

खबर मन्त्र संवाददाता




**सिमरिया।** प्रखंड के तेतर मोड़ स्थित उदयन पब्लिक स्कूल में सोमवार को कार्यक्रम आयोजित कर पंडित जवाहरलाल नेहरू की 133वीं जयंती और झारखंड का 23वां स्थापना दिवस मनाया गया। जहां बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम का आयोजित किया। कार्यक्रम का संचालन राजन मैथ्यू कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान पंडित जवाहर लाल नेहरू और बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। तत्पश्चात केक काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में बच्चों को चाचा नेहरू और झारखंड के परिचय से अवगत कराया गया। विद्यालय की प्राचार्या टेंसी थॉमस ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि चाचा नेहरू बच्चों से बहुत प्यार करते थे और वे देश के प्रथम प्रधानमंत्री थे। जबकि संजय सिन्हा ने बताया कि बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं।कार्यक्रम में छात्र- छात्राओं ने झारखंड संस्कृतिक आधारित नृत्य प्रस्तुत किया। बच्चों के बीच यूपीएल मैच कराया गया।



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** सोमवार को इटखोरी प्रखंड के दिल्ली पब्लिक स्कूल, पितीज में बाल दिवस के अवसर पर बाल दिवस एवं बच्चों के चहेते चाचा नेहरू की जन्मदिवस मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के प्राचार्य उन्नी कृष्णन ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

प्राचार्य ने चाचा नेहरू पर प्रकाश डालते हुए यह बताया कि बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं। आज बाल दिवस के मौके पर हमें बच्चों की संपूर्ण विकास की शपथ लेनी चाहिए। तत्पश्चात अनिकेत एवं सौरव कक्षा -8, आंचल -7, राजशेखर -6 बी, निखिल -5 बी, विराट -5 ए, आलोक -5 बी, प्रीति और रानी -4 बी, पलक -1 एवं अन्य बच्चों व शिक्षको ने भाषण, गीत एवम नृत्य का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन राहुल सर एवं सोनम मैम कर रहे थे। बच्चों को पेन, पेंसिल टॉफी व मिठाई दे कर बच्चों को बधाईयाँ देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

## धूम-धाम से मनाया गया बाल दिवस




खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर स्थित जीएस. पब्लिक स्कूल में सोमवार को बड़े ही धूमधाम से बाल दिवस मनाया गया। विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह, निदेशक नितेश कुमार, उपनिदेशक नीरज सिंह, प्रधानाचार्य प्रतिमा कुमारी तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किए। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री बने, बच्चे उन्हें चाचा नेहरू के नाम से पुकारते थे। इसी कारण से उनके जन्मदिन 14 नवंबर को भारत में बाल दिवस के रूप में मनाने का फैसला लिया गया। वहीं उप-निदेशक नीरज कुमार ने भी अपने संबोधन में नेहरू को याद करते हुए कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कहा आज के बच्चे कल का भारत होंगे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर स्थित चित्रगुप्त नगर में स्थित कैपिटल विश्वविद्यालय में सोमवार को बाल दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल-कूद प्रतियागिता आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मंच का संचालन प्रो.अजय कुमार वर्णवाल ने किया। सर्वप्रथम कैपिटल विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. ओम प्रकाश मेहता, परीक्षा नियंत्रक तेज नारायण, एचआर. प्रदीप भारद्वाज, मार्केटिंग प्रबंधक विशाल कुमार यादव एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाएं प्रो. अजय कुमार वर्णवाल, प्रो. हरिहर वर्णवाल, प्रो. सुलोचना नायक, प्रो.प्रिया कुमारी, प्रो.रोशनी कुमारी, प्रो. वंदना भदानी, प्रो. अनुराधा वर्णवाल, प्रो. ज्योतसना कुमारी एवं शिक्षकेतर कर्मचारी गजाला परवीन, रिंकू, ज्योति कुमारी, कमलदीप, मनमोहन ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर दीप प्रज्जवलित एवं माल्यापण किया। ऑनलाइन के माध्यम से चांसलर मदन कुमार सैनी, चेयरमैन एडवोकेट पवन कुमार सैनी, कुलपति डॉ. एमक़े. वाजपेयी ने बच्चों को बाल दिवस की शुरूआत और मकसद की विस्तृत जानकारी दिये। इस अवसर पर बच्चों के बीच केक काटकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। कार्यक्रम में स्वागत गान ऋतु एवं उसके सहयोगी के द्वारा गाया गया। वहीं कुल सचिव डॉ. ओम प्रकाश मेहता ने बच्चों को बाल दिवस की महत्ता एवं बच्चों की मुस्कान से संबंधित गान गाकर सभी लोगों का मन मोह लिया। वहीं अनु, सूरज, कुलदीप, ललीता, शीतल, सोनाली ने नृत्य प्रस्तुत किये जबकि आदर्श और सूरज ने गान प्रस्तुत किये। वहीं विद्यार्थियों के बीच खेल-कूद का प्रतियोगिता रखा गया, जिसमें लगभग 200 विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ का भाग लिये। अंत में विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## स्पीड न्यूज

### दर्जनों घर के परिवार को मिला शुद्ध पेयजल का सुविधा, ग्रामीणों में खुशी का हर्ष

**सरयू।** नवसृजित सरयू प्रखंड के घासीटोला पंचायत अंतर्गत ग्राम कोरवाटोली गांव के महुआ टोला में दर्जनों घर के परिवार खेत में बने वर्षों पूराना चुवाड़ी का मट मेला पानी पीने को बेबस थे। जिसको लेकर ग्रामीणों को अनेकों प्रकार की बीमारी का सामना करना पड़ता था जिसके कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी होती थी। वहीं ग्रामीण दशरथ सिंह, करीमन सिंह, ललीता देवी, गीता देवी, ने बताया की शुद्ध पेयजल के लिए हमलों दर दर भटकते रहे थे। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति सेवा बहाल करने के लिए पूर्व मुखिया समेत अन्य जनप्रतिनिधि को कितने बार अवगत कराया गया था लेकिन किसी ने दर्जनों घर का फरियाद सुनने को तैयार नहीं थे। जिसके लेकर ग्रामीणों का आशा जनप्रतिनिधियों से टूटा रहीं थीं। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने खबर मन्त्र के अखबार के माध्यम से पेयजल की समस्या को प्रकाशित कराया गया था। वहीं खबर प्रकास में आने के बाद पीएचडी विभाग ने मामला को संज्ञान में लेते हुए महुआ टोला में पेयजल आपूर्ति सेवा का बहाल कराया गया। जिससे दर्जनों घर के परिवार को शुद्ध पेयजल मिलने लगी। वहीं दर्जनों घर के परिवारों ने खबर मन्त्र अखबार तथा पीएचडी विभाग को आभार प्रकट किया है।

### खीस्त राजा विद्यालय में बाल दिवस पर हुआ खेल कूद प्रतियोगिता

**चंदवा।** स्थानीय खीस्त राजा विद्यालय में सोमवार को बाल दिवस के मौके पर खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य फादर जोसेफ एक्का व अन्य ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। बच्चो को संबोधित करते हुए फादर जोसेफ एक्का ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू को बच्चो से बेहद प्रेम था, तथा बच्चे उन्हें चाचा नेहरू कह कर पुकारते थे, इसी कारण उनकी जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उद्घाटन के उपरांत विद्यालय के बच्चे-बच्चियों को रंजीत, प्रताप, नेहरू व शिवाजी 4 दलों में बांटकर रस्सा कस्सी, मेंढक दौड़, चेयर रेस, बतक दौड़, मुर्गी लड़ाई, कमीज पहनना समेत कई प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई इसके पश्चात बच्चों के बीच पिकनिक का आयोजन भी किया गया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक व सैकड़ो की संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

### वाहन के सीसे में अंडा फेक लाखों के दवा व अन्य सामानों को लूट

**चंदवा।** एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के टूढामु कटपुलिया के पास बीती रात एक कंटेनर वाहन के सीसे में अंडा फेंककर लाखो रुपये के दवा व अन्य समान लूट लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार कंटेनर ट्रक डीएल 1 एमए 7062 दिल्ली से दवा व अन्य सामग्री लेकर टाटा जा रही थी, इसी क्रम में अज्ञात अपराधी टूढामु कटपुलिया के पास अंडा फेक कर कंटेनर को रूकवाया, कन्टेनर में दवा एवं कॉस्मेटिक का सामान लदा था। चालक के अनुसार शनिवार की रात्रि जब टूढामु कठपुलिया के पास से गुजर रहा था, तो अज्ञात लुटेरों ने गाड़ी के शीशे पर अंडा फेंक दिया जिसके कारण सामने कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। जिसके कारण ट्रक को रोकना पड़ा, इसके बाद कंटेनर में रखे लगभग पांच लाख के सामान लूट लिए। सूत्रों की माने तो उक्त गाड़ी के खड़े होने की सूचना उसी ट्रांसपोर्ट कंपनी की दूसरी गाड़ी के चालक ने चंदवा पुलिस को दी थी। पुलिस मौके पर जाकर गाड़ी को बरामद कर थाना ले आई है। पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है । इस संबंध में थाना प्रभारी मदन शर्मा ने कहा कि कन्टेनर लुटे जाने का मामला सामने आया है, गाड़ी को पकड़ा गया है, लेकिन अभी तक गाड़ी मालिक या चालक के द्वारा किसी तरह का लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। जांचोपरांत ही कुछ कहना उचित होगा।

### बाल दिवस पर कांग्रेसियों ने पंडित नेहरू को किया याद

**चंदवा।** प्रखंड कांग्रेस कमिटि ने प्रखंड कार्यालय में बैठक आयोजित कर बाल दिवस के अवसर पर प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। पार्टी के अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने कहा कि बच्चों को देश का भविष्य मानने वाले भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चों से विशेष स्नेह रखते थे। पंडित नेहरू बच्चों को किसी देश की वास्तविक शक्ति और समाज की बुनियाद मानते थे, पंडित नेहरू ने कहा था, आज के बच्चे भावी भारत का निर्माण करेंगे, हम जिस तरह से उनका पालन - पोषण करेंगे उसी पर देश का भविष्य निर्भर होगा।

### सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी की बैठक सम्पन्न

**लातेहार।** सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी के संस्था के संस्थापक अमल दास की निदेर्शानुसार सोमवार को लातेहार जिला के जिला प्रभारी राजू सिंह के अध्यक्षता में लातेहार सदर प्रखण्ड के सासंग पंचायत में एक बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए संस्था के प्रखण्ड प्रभारी राजबर्धन सिंह ने सभी को बताया की आज हमारे संस्था झारखंड के साथ-साथ बिहार एवं उत्तर प्रदेश में भी कार्य कर रही हैं। संस्था के मुख्य उद्देश्य गरीब एवं असहाय लोगों को मदद करना एव संस्था के सदस्य को जिला हर घर में बनाने के सभी को प्रेरित किया। बैठक में सलमा खातुन के अलावे सभी पंचायत के एसोसिएट मौजूद थे।

# अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना ही शिविर का मुख्य उद्देश्य है : बैद्यनाथ

## विधायक व अन्य ने विकास शिविर का दीप प्रज्जवलित कर किया शुभारंभ, कार्यक्रम में सैकड़ो ग्रामीण रहे मौजूद



लोगों को योजना के बारे में जानकारी देते विधायक बैद्यनाथ राम



परिसंपति का वितरण करते विधायक व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** सदर प्रखंड के पोचरा पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक बैद्यनाथ राम, जिप उपाध्यक्ष अनिता देवी व जिप सदस्य विनोद उरांव, सीओ रूद्रप्रताप, बीडीओ मेघनाथ उरांव, ने सामूहिक रुप से दीप प्रज्जवलित कर किया। वहीं विधायक श्री राम ने संबोधित करते हुए कहा कि अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना ही शिविर का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बालिकाओं के लिए सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना महत्वकांक्षी योजना के बारे में जानकारी देते हुए गांव के विद्यालय में पढ़ने वाली बालिकाओं को इसका लाभ लेने हेतु आगे आने की अपील किया। सरकार पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर सभी सरकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु प्रयासरत है। कार्यक्रम के तहत सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए है। आप अपनी समस्या के समाधान के लिए स्टॉल में आवेदन दे। वहीं बीडीओ मेघनाथ उरांव ने उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि राज्य सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजना चला रही है। योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए उपरोक्त कार्यक्रम प्रत्येक पंचायत में आयोजित किया गया था। बीडीओ ने प्रखंड में संचालित योजना व सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। वहीं कार्यक्रम में राजकीय उत्क्रमित विद्यालय हुटार एवं ओदान के छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल ड्रेस का वितरण किया गया। श्रम विभाग के द्वारा शर्ट पैंट का कपड़ा धनेश्वर सिंह सुरेंद्र प्रसाद एवं इनुस मियां को दिया गया। आपूर्ति विभाग के द्वारा धोती साड़ी एवं चना बीज का वितरण किया गया।

**स्वीकृति पत्र, जॉब कार्ड, पेंशन स्वीकृति पत्र, धोती साड़ी व कंबल का किया गया वितरण :** वहीं कार्यक्रम में लगाये गये स्टॉल जिसमें पीएम आवास, पेंशन योजना, जेएसएलपीएस, जनवितरण प्रणाली, बाल विकास परियोजना, मनरेगा योजना, कृषि पशुपालन व स्वास्थ्य सहित अन्य स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। कार्यक्रम में विधायक के द्वारा योजनाओं की स्वीकृति पत्र, जॉब कार्ड, पेंशन स्वीकृति पत्र, धोती साड़ी व कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में पीएम आवास, चापानल मरमती, बतख, मुर्गी, सुकर एवं गाय पालन के लिए किसानों ने आवेदन विभागीय स्टॉल में जमा किया। वही मुख्यमंत्री द्वारा चलाया गया योजना सावित्रीबाई फुले के लिए छात्राओं ने बढ़-चढ़कर आवेदन दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पंचायत प्रतिनिधियों सहित प्रखंड सह अंचल कर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मौके पर प्रखंड बीस सुत्री अध्यक्ष अशोक पाण्डेय, मुखिया रामजीत सिंह, युवा नेता अंकित पाण्डेय, दीपक कुमार, जितेंद्र लाल शाहदेव, राजू विश्वकर्मा समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# जेजेएमपी उग्रवादी सूरज जी के दस्ते का सक्रिय सदस्य संतोष यादव गिरफ्तार

## गिरफ्तार उग्रवादी के पास से नक्सली पर्चा और मोबाइल बरामद



प्रेसवार्ता कर जानकारी देती बरवाडीह पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** पुलिस कप्तान अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना पर बरवाडीह पुलिस को बड़ी कामयाबी हांथ लगी हैं। पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहार, सर्किल इंस्पेक्टर सीएस चौधरी और थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने सोमवार को संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता कर बताया कि पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि जेजेएमपी उग्रवादी सूरज जी के टीम के कुछ उग्रवादी बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र में चल रहें विकास कार्यों में पर्चा साटने और धमकाने के लिए पलामू किला क्षेत्र में आए हुए हैं। सूचना के आधार पर टीम का गठन कर किला क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार उग्रवादी संतोष कुमार यादव, पिता केशवर यादव पलामू जिला के सतबरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ठेमी ग्राम का निवासी है। जिसके पास से दो नक्सली पर्चा तथा एक मोबाइल जप्त किया गया है। पूछताछ में बताया कि वह उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के सूरज जी के दस्ते का सक्रिय सदस्य है और सूरज जी के कहने पर वह इस एरिया में पर्चा साटने आया था।

**छापामारी दल में शामिल प्रशासनिक पदाधिकारी :** छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहार के नेतृत्व में बरवाडीह थाना प्रभारी श्री निवास सिंह, छिपादोहर थाना प्रभारी विश्वजीत तिवारी के साथ-साथ सैट 203 सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### गिरफ्तार उग्रवादी का अपराधिक इतिहास

गिरफ्तार उग्रवादी संतोष कुमार यादव रमकंडा थाना कांड संख्या 08/2019, दिनांक 29 मार्च 2021, धारा 285/120 (बी) भा.द.वि (1-बी) ए 26 आर्म एक्ट और 17 सी.एल.ए एक्ट का अभियुक्त है। पुलिसिया पूछताछ में उसने बताया कि बरवाडीह थाना कांड संख्या 07/2021, दिनांक 02 फरवरी 2021, धारा 386/387/34 भा.द.वि और 17 सी.एल.ए एक्ट का भी अभियुक्त है। बताया कि बढ़निया घाटी में जिओ कंपनी के चल रहे काम में जेसीबी चालक को पर्चा थमाते हुए दो लाख रुपए लेवी का डिमांड किया था। इसके अलावा पूछताछ के क्रम पुलिस को यह भी जानकारी मिली कि बरवाडीह के कुटमू स्थित पेट्रोल पंप के मालिक तथा मुंशी को भी लेवी को लेकर धमकी दिया है।

## एक नजर में

### बनवारी साहू महाविद्यालय लातेहार में पूर्वर्ती छात्रों के मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**लातेहार।** बनवारी साहू महाविद्यालय लातेहार में पूर्वर्ती छात्रों के मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस मिलन समारोह में आए हुए छात्रों ने अपने उद्गार में महाविद्यालय के पूर्व स्थिति से वर्तमान अवस्था तक महाविद्यालय के क्रमिक विकास की चर्चा की तथा अपने जीवन के लक्ष्य तक पहुंचने में यहां के गुरुजनों के विधान की सराहना की। सभी पूर्वर्ती छात्रों ने महाविद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम में देवनाथ उरांव, चंदन कुमार, कुणाल, राजीव रंजन, सत्येंद्र मेहरा, अमित कुमार, राकेश दुबे, घनश्याम गुप्ता, राजन तिवारी, विवेक चंद्रवंशी, संजय कुमार गुप्ता, जितेंद्र कुमार, गुलाम गौस, हसन, मंजर, शिवम प्रसाद गुप्ता, मनीष कुमार तथा मंगलदीप उपस्थित थे। प्रचार महोदय ने अपने स्वागत भाषण में सभी पुरवा के छात्रों का हार्दिक अभिनंदन किया तथा अपने संबोधन में कहा की महाविद्यालय की स्थापना 1984 में हुई। 1987 में महाविद्यालय को रांची विश्वविद्यालय से प्रथम अस्थाई समधन प्राप्त हुआ। 2011 में महाविद्यालय के छात्र रह चुके बैद्यनाथ राम के मंत्रिमंडल काल में कला एवं वाणिज्य संकाय में स्थाई संबद्धता प्रदान किया गया तथा अनुदान किया गया। उनके द्वारा समाचार बताया गया कि महाविद्यालय में शीघ्र ही इग्नू की पढ़ाई होने जा रही है। उपस्थिति छात्रों ने आपस में विचार विमर्श कर एलुमनी एसोसिएशन का गठन किया।

### आईटीआई अप्रेंटिस मेला का आयोजन

**लातेहार।** जिला खेल स्टेडियम के समीप जिला नियोजा पदाधिकरी के नेतृत्व में पी एम एन एम आईटीआई अपरेंटिस मेला का हुआ आयोजन जिसमें बाहर से आए पदाधिकारी पंकज गिरी, सिंह सर समेत कई कर्मी आए हुवे थे। वहीं इस मेला के तहत लातेहार जिले के अंतर्गत पढ़ाई कर रहे छात्र छात्राएं समेत बेरोजगार युवक युक्तियां ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिसमे अप्रेंटिसशिप इंडिया पोर्टल में लगभाग 100 से अधिक लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया साथी ही कई कंपनियों ने भाग लिया जिसमे परम स्किल ट्रैनिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 3, रुचा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 31, एड्यू द्वारा 11 लोगों को शॉर्टलिस्ट किया गया।

# मनिका प्रखंड में पूर्व मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कार्यकताओं के साथ बैठक संपन्न

## 18 को चौपाल कार्यक्रम का किया जाएगा आयोजन



बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड के मटलोंग पंचायत अंतर्गत स्थित मटलोंग बाजारटांड़ में दिन सोमवार को मटलोंग और विशुनबांध के भाजपा कार्यकताओं के साथ मनिका मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री सह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास के आगमन को लेकर बैठक संपन्न हुई। रघुवर दास का चौपाल कार्यक्रम 18 नवंबर 2022 दिन शुक्रवार को दोपहर समय 12:00 बजे रखा गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु उपस्थित सभी कार्यकताओं को कई दिशा निर्देश भी दिए गए। बैठक में मुख्य रूप से लातेहार भाजपा जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह शामिल रहे। कार्यक्रम को लेकर बैठक में मौजूद सभी कार्यकताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री का चौपाल कार्यक्रम मटलोंग पंचायत के बाजारटांड़ में भव्य रूप से मनाने का संकल्प लिया।

मौके पर भाजपा नेता महेश सिंह,भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष अंकित राज गोलू,अमरदीप कुमार,सुमंत यादव,पंकज कुमार यादव,भाजपा महामंत्री मनदीप कुमार,अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष बबन पासवान,समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।


राज्य स्थापना दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई



निवेदक
बीना देवी
अध्यक्ष भगवान बिरसा मुंडा स्मारक समिति ओरमांझी, सह पूर्व जिला परिषद सदस्य ओरमांझी।

राज्य स्थापना दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई



निवेदक
साजिद कौशल
जिला संगठन सचिव झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची

राज्य स्थापना दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई



निवेदक
श्याम सुंदर साहु
अध्यक्ष छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज, गुमला।



राज्य स्थापना दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई




निवेदक
दीपनारायण उरांव
अध्यक्ष नगर परिषद गुमला।



राज्य स्थापना दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई



निवेदक
शिव कुमार भगत
पूर्व प्रदेश प्रवक्ता कांग्रेसी पार्टी, गुमला।



झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर समस्त झारखंडवासियों को मंगलमय शुभकामनाएं।



श्री सुदर्शन भगत
सांसद
लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र



राज्य स्थापना दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई



निवेदक
रमेश कुमार
जिला बीस सूत्री सदस्य सह उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी
हेमावती देवी
जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस महिला मोर्चा गुमला।

राज्य स्थापना दिवस पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक बधाई



निवेदक
हरजीत सिंह
वार्ड पार्षद, नगर परिषद, गुमला।



